संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -66 शनिवार , 06 जनवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## भजन मंत्रिमंडल में हुआ विभागों का बंटवारा

### सीएम भजनलाल को 8, तो डिप्टी सीएम दीया कुमारी को 6 विभाग

**जयपुर,05 जनवरी 2024 (ए)।** राजस्थान में कैबिनेट विस्तार के बाद अब मंत्रियों के विभागों का भी बंटवारा कर दिया गया है। राज्यपाल के अनुमोदन के बाद शासन सचिवालय की ओर से शुक्रवार को लिस्ट जारी की गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने पास गृह विभाग, आबकारी विभाग और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो समेत 8 विभाग रखे हैं। सीएम के बाद सबसे ज्यादा विभाग डिप्टी सीएम दीया कुमारी को सौंपे गए हैं। दिया कुमारी को वित्त विभाग, पर्यटन विभाग और महिला एवं बाल विकास समेत 6 मंत्रालय सौंपे गए हैं। राजस्थान में 12 कैबिनेट और 10 राज्य मंत्री बनाए गए हैं। इनमें 5 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं।




**कैबिनेट में 20 विधायक पहली बार बने हैं मंत्री**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कैबिनेट में उनको मिलाकर कुल 25 लोग शामिल हैं। बीजेपी ने मंत्रिमंडल में 2 ब्राह्मण नेताओं,4 जाट,राजपूत और एससी / एसटी के तीन-तीन नेताओं के अलावा अन्य समुदायों को शामिल करके जातीय और क्षेत्रीय संतुलन बनाने की कोशिश की है। राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दो उपमुख्यमंत्री सहित 25 मंत्री हैं। इनमें से 20 पहली बार मंत्री बने हैं।

## किसे मिला कौन सा विभाग

**भजनलाल शर्मा**-कार्मिक विभाग,आबकारी विभाग, गृह विभाग,आयोजना विभाग,सामान्य प्रशासन विभाग,नीति निर्धारण प्रकोष्ठ,सूचना एवं जनसंपर्क विभाग,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

**दीया कुमारी**-वित्त विभाग, पर्यटन विभाग, कला साहित्य,संस्कृति और पुरातत्व विभाग, सर्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल अधिकारिता विभाग

**प्रेमचंद बैरवा**-तकनीकी शिक्षा विभाग,उच्च शिक्षा विभाग,आयुर्वेद,योग प्राकृतिक चिकित्सा,यूनानी सिद्धांत,होम्योपैथिक विभाग,परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग

**किरोड़ी लाल मीणा**-कृषि एवं उद्योग विभाग, ग्रामीण विकास विभाग,आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग,जन अभियोग निराकरण विभाग

**गजेंद्र सिंह खींवसर**-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग,चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं

**कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़**-उद्योग एवं वाणिज्य विभाग,सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग,युवा मामलात और खेल विभाग,कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग,सैनिक कल्याण विभाग

**मदन दिलावर**-विद्यालय शिक्षा विभाग,पंचायती राज विभाग और संस्कृत शिक्षा विभाग

**कन्हैयालाल**-जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, भूजल विभाग

**जोगाराम पटेल**-संसदीय कार्य विभाग,विधि एवं विधिक कार्य विभाग,

**सुरेश रावत**-जल संसाधन विभाग,जल संसाधन योजना विभाग

**अविनाश गहलोत**-सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

**सुमित्रा गोदारा**-खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग,उपभोक्ता मामला विभाग

**जोराराम कुमावत**-पशुपालन एवं डेयरी विभाग, गोपालन विभाग,देवस्थान विभाग

**हेमंत मीणा**- राजस्व विभाग,उपनिवेशन विभाग

**सुरेन्द्रपाल सिंह टी.टी**-कृषि विपण विभाग, कृषि सिंचित क्षेत्र विभाग एवं जल उपयोगिता विभाग, इंदिरा गांधी नहर विभाग,अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग

**संजय शर्मा**-वन विभाग,पर्यावरण एवं जलवायु परविर्तन विभाग,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

**गौतम कुमार**-सहकारिता विभाग,नागरिक उड्डयन विभाग

**झाबर सिंह खर्रा**-नगरीय विकास विभाग

**हीरालाल नागर**-ऊर्जा विभाग

**ओटा राम देवासी**-पंचायती राज विभाग,ग्रामीण विकास विभाग,आपदा प्रबंधन,सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग

**मंजू बाघमार**-सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग,बाल अधिकारिता विभाग

**विजय सिंह**-राजस्व विभाग,उपनिवेशन विभाग, सैनिक कल्याण विभाग

**कृष्ण कुमार के.के बिश्नोई**-उद्योग एवं वाणिज्य विभाग,युवा मामले और खेल विभाग,कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग,नीति निर्धारण विभाग

**कवाहरसिंह बेढम**-गृह विभाग,गोपालन विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग,मतस्य विभाग

## संक्षिप्त खबरें

### पीएसएलवी सी-58 के ईंधन सेल का सफलतापूर्वक परीक्षण




**श्रीहरिकोटा,05 जनवरी 2024(ए)।** इसरो ने 1 जनवरी, 2024 को पीएसएलवी सी-58 पर लॉन्च किए गए अपने कक्षीय प्लेटफॉर्म,पीओईएम3 में 100 डब्लू श्रेणी के पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन फ्यूल सेल आधारित पावर सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।

### सुखपाल खैहरा 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए



**कपूरथला,05 जनवरी 2024 (ए)।** हलका भुलत्थ से कांग्रेसी विधायक सुखपाल खैहरा के खिलाफ थाना सुभानपुर में दर्ज हुए केस के संबंध में माननीय अदालत ने उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया था। आज मेडिकल के बाद उन्हें दोबारा अदालत में पेश किया गया जहां पुलिस द्वारा सुखपाल खैहरा का पांच दिन का पुलिस रिमांड मांगा गया लेकिन उनके वकीलों ने इस मामले को लेकर जोरदार बहस की। सभी दलीलें सुनने के बाद सुखपाल खैहरा के पुलिस रिमांड की मांग को रद्द करते हुए अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### संतान की चाहत में तांत्रिक ने किया मर्डर, आरोपी गिरफ्तार



**झाबुआ,05 जनवरी 2024 (ए)।** मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में परिवार की संतान पाने की चाहत में महिला को तांत्रिक के हवाले कर दिया। तांत्रिक ने महिला को लोहे की जंजीरों से बांधकर इतना पीटा कि उसकी जान ही चली गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



## ईडी अधिकारियों के साथ मारपीट

**नई दिल्ली,05 जनवरी 2024 (ए)।** बंगाल के उत्तर 24 परगना में टीएमसी नेता के घर पहुंची ईडी टीम पर हमले में तीन अधिकारी घायल हो गए हैं। जांच एजेंसी के इन अफसरों को अस्पातल में एडमिट कराया गया है। केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों को साथ लेकर पहुंची टीम जब टीएमसी नेता शाहजहां शेख और शंकर आध्या के घर जांच कर रही थी तो बाहर भीड़ जुट गई। अधिकारियों के निकलने पर इस भीड़ ने उनकी गाड़ियों पर हमला किया और उन पर भी पत्थर बरसाए। ईडी की टीमें सुबह 7:10 बजे ही पहुंच गई थीं। शेख का घर अंदर से बंद था। इस पर ईडी के अधिकारियों ने कई बार आवाज लगाई और दरवाजा खटखटाया।इस पर भी जब अंदर से आवाज नहीं आई तो सुरक्षा बलों ने ताला ही तोड़ने की कोशिश की। अभी यह जानकारी नहीं मिल सकी है कि उस दौरान शाहजहां शेख और उनकी फैमिली घर पर मौजूद थे या नहीं। इसी बीच सैकड़ों ग्रामीण नारेबाजी करते हुए मौके पर पहुंच गए और ईडी के अफसरों को गालियां देने लगे। एक ग्रामीण ने मीडिया को बताया कि यह भीड़ बाद में उग्र हो गई और अफसरों पर हमला बोल दिया। यही नहीं उनकी एक गाड़ी को भी बुरी तरह तोड़ डाला। ग्रामीण ने बताया,'अफसरों को घसीटकर बुरी तरह पीटा गया। इनमें से एक को तो सिर में चोट आई है। उनकी गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले। किसी तरह ईडी के अफसर जान बचाकर भागे।'

## गृह मंत्रालय ने सीबीआई जांच को दी हरी झंडी

### सरकार के अस्पतालों में 'घटिया' दवाओं की आपूर्ति का मामला

**नई दिल्ली,05 जनवरी 2024 (ए)।** दिल्ली सरकार के सरकारी अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक्स में खराब गुणवत्ता की दवाओं की आपूर्ति के मामले में गृह मंत्रालय ने सीबीआई जांच का एप्रूवल दे दिया है। बता दें कि कुछ दिनों पहले दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने राष्ट्रीय राजधानी के सरकारी अस्पतालों में खराब गुणवत्ता की दवाओं आपूर्ति के मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय से सीबीआई जांच कराने की सिफारिश की थी। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली सरकार के अस्पतालों से लिए गए दवाओं के बई सैंपल्स लैब टेस्ट में फेल हो गए थे। इनकी गुणवत्ता खराब पायी गई थी। जितने सैंपल टेस्ट के लिए भेजे गए थे, उनमें से 10 प्रतिशत क्वालिटी टेस्ट में




फेल साबित हुए थे।

इसका संज्ञान लेते हुए दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर सीबीआई जांच कराने की मांग की थी। एलजी ने विजिलेंस डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के आधार पर यह एक्शन लिया था। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में खराब क्वालिटी की दवा पहुंचाने के मामले की जांच सीबीआई को सौंपने पर केजरीवाल सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'मैंने मंत्री बनते ही दवाओं के ऑडिट के निर्देश दिए, लेकिन नगर स्वास्थ्य सचिव ने ऑडिट नहीं करवाई। हम इस मामले में सीबीआई जांच का स्वागत करते हैं. मगर केंद्र स्वास्थ्य सचिव को क्यों बचा रहा है? हेल्थ सेक्रेटरी दीपक कुमार को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए. हम पहले ही इस अधिकारी को हटाने के लिए उप राज्यपाल से बोल चुके हैं। यहां तक की सुप्रीम कोर्ट में गए हैं'.

दिल्ली के उप राज्यपाल ने दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक्स में कथित फर्जी पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी टेस्ट के मामले में भी सीबीआई जांच की सिफारिश की है। यह आरोप लगाया गया है कि प्राइवेट लैब्स को फायदा पहुंचाने के लिए अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा दिल्ली में संचालित मोहल्ला क्लीनिकों में लाखों 'घोस्ट पेशेंट्स' के लैब टेस्ट कर दिए गए।




## पटना हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना,05 जनवरी 2024 (ए)।** पटना हाईकोर्ट समेत देश को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। संदिग्ध आतंकी संगठन से धमकी भरा मेल मिलने के बाद एटीएस शनिवार को पटना हाई कोर्ट पहुंची। अदालत परिसर के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली जा रही है। बम और डॉग स्क्वॉयड को भी मौके पर बुलाया गया है। जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और छानबीन की। पूरे देश की अदालतों को बम से उड़ाने का मेल सभी हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को टेरोराइजर 111 ग्रुप की ओर से भेजा गया। मेल शुक्रवार को सुबह करीब 6 बजे मिला। इसमें कहा गया कि कल यानी शनिवार को सुबह तक कोर्ट को बम से उड़ा दिया जाएगा। मेल देखने के बाद आनन-फानन में जिला प्रशासन सहित पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही पुलिस और एटीएस की टीम खोजी कुत्तों के साथ पटना हाई कोर्ट पहुंच गई। उसके बाद बम निरोधक दस्ते ने हाई कोर्ट की तलाशी लेना शुरू की। पहले हाई कोर्ट परिसर की तलाशी ली गई। बाद में कोर्ट रूम को तलाशी लेने की तैयारी चल रही थी। एटीएस की टीम पहुंचते ही हाई कोर्ट में खलबली मच गई। हर कोई जानने में लगा था कि आखिर क्या बात है। धीरे-धीरे पता चला कि अदालतों को बम से उड़ाने का धमकी दी गई है। पटना हाई कोर्ट परिसर में एटीएस ने गहन छानबीन की। कहीं से किसी तरह का संदेहास्पद समान बरामद नहीं किया गया है।

## एसडीएम कार्यालय के बाहर किसान ने खुद को लगाई आग

**मेरठ,05 जनवरी 2024 (ए)।** मवाना एसडीएम ऑफिस के बाहर एक किसान ने खुद को आग लगा ली है। हालांकि अचानक हुई इस घटना के बाद आसपास के लोग उस किसान को बचाने के लिए दौड़े, लेकिन जब तक लोग जल रहे किसान को बचाने के लिए कोई कदम उठा पाते और आग को बुझा पाते तब तक किसान का शरीर काफी हद तक जल चुका था। किसान का नाम जगवीर बताया जा रहा है जो मवाना एसडीएम ऑफिस में एसडीएम अखिलेश यादव के पास अपनी फरियाद लेकर आया था। बताया जा रहा है की जगवीर की एक जमीन थी, जिस पर जगवीर काफी सालों से अपनी



फसल बो रहा था, पर वन विभाग ने उस जमीन को अपना बताते हुए उस पर कब्जा कर लिया था.। जिसकी शिकायत उसने एसडीएम मवाना से की थी।

पीड़ित किसान ने यह भी आरोप लगाया था कि कि 2 दिन पहले किसान की गेहूं की खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चला दिया गया था और फसल को नष्ट कर दिया गया था। जिस जमीन में खड़ी फसल को जोता गया उस जमीन पर वन विभाग ने अपना दावा जताया है। खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चलाने से किसान को काफी नुकसान हुआ था। बताया जा रहा है की किसान अपनी फसल का मुआवजा पाने के लिए एसडीएम आफिस पहुंचा था, लेकिन उसकी फरियाद पर कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। इससे परेशान होकर किसान ने खुद को आग के हवाले कर दिया।

## सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी को कैबिनेट से हटाने की मांग वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली,05 जनवरी 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी को राज्य मंत्रिपरिषद से हटाने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। बालाजी पर कथित कैश-फॉर-जॉब घोटाले के सिलसिले में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने एम.के. स्टालिन कैबिनेट में बिना पोर्टफोलियो के मंत्री बने रहने के खिलाफ एक जनहित याचिका (पीआईएल) का निपटारा करने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि किसी मंत्री को मुख्यमंत्री की सिफारिश के बिना राज्यपाल द्वारा बर्खास्त नहीं किया जा सकता है।इससे पहले मद्रास



उच्च न्यायालय के समक्ष दायर अपनी याचिका में याचिकाकर्ता वकील एम.एल. रवि ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज मामले में न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद भी सेंथिल बालाजी के कैबिनेट में बने रहने के औचित्य पर सवाल उठाया था।

## दिल्ली की अदालत ने आप सांसद संजय सिंह को राज्यसभा पुनर्नामांकन के लिए फॉर्म भरने की अनुमति दी

**नई दिल्ली,05 जनवरी 2024 (ए)।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार आप सांसद संजय सिंह को राज्यसभा के पुनर्नामांकन के लिए फॉर्म और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दे दी है।

सिंह ने एक आवेदन दायर कर कहा कि राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका वर्तमान कार्यकाल 27 जनवरी को समाप्त हो रहा है।

आवेदन में कहा गया है कि रिटर्निंग ऑफिसर ने चुनाव कराने के लिए




2 जनवरी को नोटिस जारी किया है और राज्यसभा के लिए नामांकन 9 जनवरी तक जमा करना है। सिंह द्वारा तिहाड़ जेल अधीक्षक को दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग पर राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने आदेश पारित करते हुए कहा कि जेल अधीक्षक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उक्त दस्तावेजों पर सिंह के हस्ताक्षर लेने की अनुमति दी जाए और उन्हें राज्यसभा नामांकन दाखिल करने के संबंध में तौर-तरीकों पर चर्चा करने के लिए अपने वकील से आधे घंटे के लिए मिलने की भी अनुमति दी जाए।

## दिल्ली में पकड़ा गया हिजबुल आतंकवादी

**नई दिल्ली,05 जनवरी 2024 (ए)।** हिज्बुल मुजाहिदीन के ए++ श्रेणी के एक आतंकवादी, जिस पर जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी हमलों में शामिल होने के लिए 10 लाख रुपये का इनाम था को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अन्य केंद्रीय एजेंसियों की मदद से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।गिरफ्तार आतंकवादी की पहचान जावीद अहमद मट्टू (32) उर्फ इरसाद अहमद मल्ला उर्फ एहसान के रूप में हुई है,जो जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर का रहने वाला है। वह कथित तौर पर घाटी में पांच ग्रेनेड हमलों में शामिल था। ए++ श्रेणी में रखा गया मट्टू पिछले 13 वर्षों से गिरफ्तारी से बच रहा था। वह जम्मू-कश्मीर में 11 ज्ञात आतंकवादी हमलों के सिलसिले में वांछित था। विशेष पुलिस आयुक्त (विशेष शाखा) एच.जी.एस. धालीवाल के अनुसार,गिरफ्तारी केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वित प्रयासों से संभव हो सकी।

उन्होंने कहा,कुछ समय पहले, एक गुप्त सूचना मिली थी कि मट्टू हथियार और गोला-बारूद इकट्ठा करने




के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आएगा। इसके बाद स्पेशल सेल ने अपने स्लीपर सेल सक्रिय कर दिए। गुरुवार को, एक विशेष जानकारी प्राप्त हुई कि मट्टू पाकिस्तानी आईएसआई के इशारे पर हथियार हासिल करने के लिए दिल्ली में है, और जम्मू-कश्मीर और अन्य स्थानों पर आतंकी हमलों को अंजाम देने की योजना बना रहा है।अधिकारी ने कहा, इस सटीक इनपुट पर कार्रवाई करते हुए एक छापेमारी टीम ने मट्टू को निज़ामुद्दीन क्षेत्र से सफलतापूर्वक पकड़ लिया, और उसके कब्जे से एक 9 मिमी पिस्तौल,छह जीवित कारतूस,एक अतिरिक्त पत्रिका और एक चोरी की सैंट्रो कार जब्त की। स्पेशल सेल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

स्पेशल सीपी ने कहा कि मट्टू हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े सात आतंकवादियों के कुख्यात गिरोह का हिस्सा था, जो मुख्य रूप से उत्तरी कश्मीर, खासकर सोपोर में सक्रिय था।

अधिकारी ने कहा कि मट्टू का पाकिस्तान स्थित हैंडलर हथियारों और गोला-बारूद की डिलीवरी का समन्वय करेगा और मट्टू जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों को अंजाम देगा। अधिकारी ने कहा, वह जम्मू-कश्मीर का एकमात्र जीवित ए++ श्रेणी का आतंकवादी है। वह पहले आईएसआई के निर्देश पर नेपाल भागने के बाद छिप गया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस सक्रिय रूप से उसका पीछा कर रही थी। स्पेशल सीपी ने यह भी खुलासा किया कि मट्टू को एक दशक पहले एक मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने गोली मार दी थी, जो उसके पैर में लगी थी।

## संपादकीय

# नतीजा संवाद से परहेज का

सड़क हादसों को रोकने के लिए नजरिए में मूलभूत परिवर्तन की आवश्यकता है। जहां ड्राइवरों की गलती हो,उन्हें बेशक सख्त सजा मिलनी चाहिए, लेकिन हादसे की परिस्थितियों को भी अवश्य में ध्यान में रखा जाना चाहिए।

अगर केंद्र सरकार कानून बनाने के पहले सभी हित-धारकों से संवाद के रास्ते पर चलती, तो ट्रक, बस और टैंकर चालकों को हड़ताल पर नहीं जाना पड़ता। लेकिन हित-धारकों की बात तो अलग, सरकार ने देश की आपराधिक दंड संहिता और साक्ष्य कानून में व्यापक बदलाव बिना विपक्ष के साथ भी संवाद कायम किए कर दिया। अब चूंकि नई भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के बारे में प्रभावित हो सकने वाले लोगों को जानकारी मिल रही है, तो उनका असंतोष सामने आ रहा है। इसकी पहली मिसाल ड्राइवरों की हड़ताल के रूप में देखने को मिली, जिसका सीधा असर आम परिवहन और जरूरी चीजों की सप्लाई पर पड़ा। जब हड़ताल से जन-जीवन बाधित हुआ, तब केंद्र की तरफ से ड्राइवरों के संगठनों से बातचीत की पहल की गई। फिलहाल,केंद्र के आश्वासन पर यकीन कर ड्राइवरों ने हड़ताल वापस ले ली है। लेकिन इस प्रकरण से वर्तमान सरकार की पहले निर्णय लेने और फिर सोचने के रवैये पर फिर से गंभीर सवाल जरूर खड़े हुए हैं।

ड्राइवरों की शिकायत है कि नए कानून में सड़क हादसों के मामलों में बेहद सख्त सजा का प्रावधान कर दिया गया है। नई संहिता के तहत अगर कोई वाहन चालक किसी सड़क हादसे के बाद बिना पुलिस या प्रशासन को सूचित किए बिना वहां से चला जाता है, तो उसे 10 साल तक की जेल या सात लाख रुपये तक के जुर्माने की सजा हो सकती है। ट्रांसपोर्ट संगठनों का सवाल है कि हादसा होने की स्थिति में अगर भीड़ चालक पर हमला कर दे, तो उस हाल में ड्राइवर खुद को बचाएगा या प्रशासन को सूचित करने की कोशिश में अपने को भीड़ के हवाले कर देगा? यह सच है कि भारत में ट्रक-बस-टैंकर चालकों का जीवन मुश्किलों से भरा होता है। हादसे हमेशा उनकी गलती से नहीं होते। भारत की सड़कें और लचर ट्रैफिक सिस्टम अक्सर हादसों का कारण बनते हैं। ऐसे में हादसे रोकने के लिए नजरिए में बदलाव की आवश्यकता है। जहां ड्राइवरों की गलती हो,उन्हें बेशक सख्त सजा मिलनी चाहिए, लेकिन हादसे की कुल परिस्थितियों को भी अवश्य में ध्यान में रखा जाना चाहिए।

# हिंदुत्व से आगे भी भाजपा का दांव

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जो माहौल बना है उसी के असर में अगले लोकसभा चुनाव की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। वैसे लोग जो मंदिर के कार्यक्रम का प्रत्यक्ष विरोध नहीं कर रहे हैं लेकिन इसके राजनीतिक इस्तेमाल और असर से चिंतित हैं वे सोशल मीडिया में इसे लेकर तंज कर रहे हैं। वे लिख रहे हैं कि फॉक्सकॉन की फैक्टरी गुजरात में लगेगी, टाटा-एयरबस की फैक्टरी गुजरात में लगेगी, टेस्ला की भी फैक्टरी गुजरात में लगेगी, बुलेट ट्रेन गुजरात में चलेगी और उत्तर प्रदेश में मंदिर बनेगा! इन कटाक्ष के जरिए यह नैरेटिव बनाने का प्रयास हो रहा है कि समूचे उत्तर भारत में हिंदू आस्था को उभार कर वोट की राजनीति हो रही है, जबकि औद्योगिक विकास और रोजगार की व्यवस्था गुजरात में की जा रही है।

यह भी कहा जा रहा है कि उत्तर प्रदेश और बाकी हिंदी पट्टी के राज्यों के युवाओं को गुजरात जाकर ही नौकरी करनी है क्योंकि नरेंद्र मोदी की सरकार उत्तर भारत में रोजगार के अवसर पैदा करने वाले उद्योग नहीं लगवा रही है। एक स्तर पर यह बात सही है और निश्चित रूप से युवाओं को एक समूह को यह बात अपील भी करती होगी। लेकिन क्या यह बात व्यापक हिंदू समाज को प्रभावित कर पाएगी? यह मुश्किल लगता है क्योंकि मंदिर और आस्था का मामला मोदी और भाजपा के चुनावी दांव का सिर्फ एक पहलू है।

नरेंद्र मोदी ने मंदिर के कार्यक्रम को सिर्फ हिंदू आस्था और मंदिर मुद्दे तक सीमित नहीं रहने दिया है। उन्होंने आस्था के साथ हिंदू गौरव को जोड़ दिया है और उसके साथ आधारभूत ढांचे के विकास, रोजगार की संभावना और शहरों के सौंदर्यीकरण को भी शामिल किया है। इसके साथ साथ विश्वकर्मा योजना के जरिए जातियों को साधने की व्यवस्था की गई है और लाभार्थियों को शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले 30 दिसंबर के अयोध्या दौरे में अपने चुनावी दांव की एक झलक दिखलाई। उन्होंने करीब 16 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया तो रामभक्तों को याद दिलाया कि रामलला साढ़े पांच सौ साल बाद अपने घर में विराजमान होने जा रहे हैं। ध्यान रहे प्रधानमंत्री बार बार एक हजार साल की गुलामी की याद दिला रहे हैं और देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलाने का दावा कर रहे हैं तो दूसरी ओर पांच सौ साल बाद रामलला के विराजमान होने की बात भी कह रहे हैं।पांच सौ साल के बाद रामलला के विराजमान होने की बात कहने के साथ ही प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि सिर्फ रामलला को घर नहीं मिला है, बल्कि देश के चार करोड़ लोगों को भी अपना आवास मिला है। इसके बाद वे मुफ्त रसोई गैस की उज्ज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी के घर गए और टूटे-फूटे घर में बैठ कर चाय पी। सोचें, यह कितना मजबूत नैरेटिव है? लाभार्थी के इस नैरेटिव ने पिछले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को बहुत फायदा पहुंचाया था। उसके बाद से तो कई योजनाएं ऐसी चली हैं, जिनका सीधा लाभ करोड़ों लोगों तक पहुंच रहा है। पिछले चुनाव के समय ही किसान सम्मान निधि की शुरुआत हुई थी, जो अभी तक चल रही है और कोरोना महामारी के बाद 80 करोड़ लोगों को पांच किलो मुफ्त अनाज की योजना शुरू हुई थी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने पांच साल के लिए बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। सो, चार करोड़ लोगों को घर, उज्ज्वला योजना के लाभार्थी के घर की चाय और पांच किलो मुफ्त अनाज पा रहे 80 करोड़ लाभार्थियों को हिंदू गौरव से जोड़ कर मोदी ने जो दांव चला है उसकी क्या काट विपक्षी गठबंधन के पास है?

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# संत सिपाही....गुरु गोविंद सिंह जी

सिख धर्म दुनिया के अलग-अलग धर्मों से सबसे अलग ही नहीं बल्कि मानवता का कल्याण



**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
रोहतक, हरियाणा

करने वाला भी है। सिख धर्म के संस्थापक, श्री गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोविंद सिंह तक 10 गुरुओं ने धर्म और देश के लिए जो अलग-अलग कुर्बानियां दी और मुगल बादशाहों के जुल्म सहे उसके बावजूद भी उन्होंने धर्म तथा देश हित के लिए अपना रास्ता नहीं बदला। गुरु अर्जन देव जी को जलते हुए तवे पर बिठाकर शहीद कर दिया गया गुरु तेग बहादुर ने धर्म और देश की खातिर अपना शीश कुर्बान कर दिया और गुरु गोविंद सिंह ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना सारा परिवार कुर्बान कर दिया। ऐसे सिख धर्म और उनके गुरु साहबानों को शत-शत नमन। हम सबको सिख धर्म के गुरु साहिबानों के द्वारा दिखाए गए देश भक्ति,इंसानियत,धर्म पर चलना तथा जात पात में विश्वास न रखना, कठिन परिश्रम करना तथा बांटकर खाना आदि बातों पर चलने की कोशिश करनी चाहिए। सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म 22 दिसंबर, 1666 को पटना में पिता गुरु तेग बहादुर तथा माता गुजरी के घर पटना में हुआ। उनका बचपन का नाम गोविंद राय था। अभी वह मुश्किल से 9 साल के ही होंगे जबकि कुछ कश्मीरी पंडित उनके पास आए और मुगल बादशाह की शिकायत करते हुए कहने लगे कि मुस्लिम लोग हमें इस्लाम धर्म अपनाने के लिए जोर जबरदस्ती करते हैं, हमें हिंदू धर्म पर चलने के लिए रोकते हैं, ऐसा न करने पर मौत के घाट उतार देते हैं। यह सुनकर गुरु तेग बहादुर ने कहा कि इसके लिए किसी बड़े आदमी को कुर्बानी देनी पड़ेगी। यह सुनकर पास बैठे हुए बच्चे गोविंद राय ने कहा......आप से बड़ा आदमी कौन हो सकता है? यह सुनकर गुरु तेग बहादुर ने उन कश्मीरी पंडितों को कहा....कि मुगल बादशाह को यह कहो कि अगर वह गुरु तेग बहादुर को इस्लाम धर्म अपनाने के लिए राजी कर ले तो बाकी लोग भी इस धर्म को अपना लेंगे। इसके बाद गुरु तेग बहादुर जी दिल्ली के तरफ चल पड़े और चांदनी चौक में बहुत भारी संख्या में हिंदू और और मुसलमान लोग यह जानने के लिए एकत्रित हो गए कि गुरु तेग बहादुर इस्लाम धर्म अपनाते हैं या नहीं। जब गुरु तेग बहादुर ने इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मना कर दिया तब उनका शीश धड़ से अलग कर दिया गया। दिल्ली में चांदनी चौक में प्रसिद्ध शीशगंज गुरुद्वारा उसी जगह पर बना हुआ है जहां पर गुरु तेग बहादुर जी ने अपने शीश की कुर्बानी दी थी। यह गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर की शहादत के प्रति मान तथा सम्मान प्रकट करने के लिए ही बनाया गया है। इसके बाद 9 साल की उम्र में ही गोविंद राय जी को गुरु तेग बहादुर का वारिस बनाकर गद्दी पर बैठा दिया क्या और वह सिख धर्म के सबसे कम उम्र के गुरु बने।

जैसे-जैसे गुरु गोविंद राय बड़े होते गए उन्होंने संस्कृत, फारसी, हिंदी आदि कई भाषाएं सीखीं। तलवार चलाना तथा घुड सवारी करना सीखा। वह न केवल भारतीय संस्कृति को जानने और समझने वाले थे बल्कि बहादुर व्यक्ति भी थे। जब वह बड़े हुए तो उनका साहिब कौर के साथ विवाह हुआ और उनके चार सुपुत्र साहिबजादा अजीत सिंह, साहिबज़ादा फतेह सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह थे

1699 में बैसाखी वाले दिन उन्होंने सिख पंथ की नींव रखी। जाति प्रथा का समापन करने के लिए उन्होंने अलग-अलग जातियों से पांच व्यक्तियों को लेकर..पांच प्यारे...की प्रथा चलाई। उन्होंने सिखों को खालसा कहा जिसका मतलब है शुद्ध या पवित्र। उन्होंने हर सिख व्यक्ति को अमृत पान करने के बाद कच्छा, कड़ा, केश, कृपाण तथा कंघा धारण करने के लिए कहा। इन्हें...पांच ककार भी कहा जाता है।

गुरु गोविंद सिंह ने सिखों को अपने नाम के बाद सिंह लगाने के लिए कहां और कहा के भविष्य में मैं प्रत्येक सिख में वास करूंगा। जब गुरु गोविंद सिंह घुड़सवारी करते थे तो उनके एक हाथ में बाज होता था इसलिए उनको...बाजांवाला...भी कहते हैं। उनको संत सिपाही तथा दशमेश पिता भी कहा जाता है। गुरु गोविंद सिंह जी एक हाथ में माला और दूसरे हाथ में तलवार रखते थे जिसका मतलब है कि प्रभु का सिमरन



करो और अगर आपका धर्म खतरे में हो तो आप हथियार का इस्तेमाल भी कर सकते हो।

एक बार मुगलों की भारी फौज ने गुरु गोविंद सिंह, उनके शहजादों और सिंहों को चमकौर साहिब में घेर लिया। दोनों पक्षों में भयंकर युद्ध हुआ। एक एक सिख ने कई कई मुगल सिपाहियों को मौत के घाट उतार दिया। गुरु गोविंद सिंह ने बाज रूपी सिखों को चिड़ियों जैसे मुगल सिपाहियों से युद्ध करवाया और मुगल सैनिकों को भारी नुकसान हुआ लेकिन अफसोस की बात यह है के इस युद्ध में गुरु गोविंद सिंह के दो बडे साहिबजादे शहीद हो गए। उसके बाद गुरु गोविंद सिंह, उनकी माता गुजरी और दो छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह सरसा नदी पर एक दूसरे से अलग हो गए। माता गुजरी अपने दो छोटे लालों के साथ पंजाब की तरफ चल पड़ी। इस दरमियान उनकी मुलाकात पुराने वफादार रसोईऐ, गंगू से हो गई जिसने उन्हें अपने घर में शरण देने तथा रक्षा करने का आश्वासन दिया। परंतु गद्दार गंगू ने सरहंद के नवाब, वजीर खान को यह सूचना दी कि उसे अपने जिन दुश्मनों की तलाश थी उनकी माता तथा दो छोटे बेटे उनके घर में हैं। इस बात से खुश होकर खान ने गंगू को बहुत सारी अशरफियां दी और उसने गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों छोटे साहबजादों को वजीर खान के हवाले कर दिया। वजीर खान ने उनको इस्लाम धर्म कबूल करने के लिए कहा लेकिन गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों छोटे साहिबजादे लगातार जपजी साहब का पाठ करते रहे और बीच-बीच में.... बोले सो निहाल,सत श्री अकाल...कहते रहे। आखिर में वजीर खान ने इन दोनों साहबजादों को सरहंद में एक दीवार में जिंदा चिनवा दिया। और उनकी दादी,माता गुजरी को भी ऊपर किले से फेंकवा कर शहीद कर दिया। इन दोनों छोटे साहिबजादों की याद में सरहिंद में एक गुरुद्वारा बना हुआ है।

युद्ध लड़ने के हिसाब से गुरु गोबिंद सिंह ने केशगढ़, फतेहगढ़, आनंदगढ़ तथा लोहगढ़ के किले बनवाए। कहना ना होगा कि पहाड़ी राजा लोग गुरु गोविंद सिंह की बढ़ती हुई ताकत से घबराते थे इसलिए उन्होंने मुगल बादशाह औरंगजेब के साथ साथ गांठ करके गुरु गोविंद सिंह को नुकसान पहुंचाने का कोई भी मौका हाथ से नहीं जाने दिया। दमदमा साहब में अपनी याद शक्ति और बुद्धिमत्ता के फल स्वरुप गुरु ग्रंथ साहब का उच्चारण किया और भाई मनी सिंह ने गुरबाणी को लिखा। गुरु गोविंद सिंह ने सिख धर्म में गुरु प्रथा को समाप्त कर दिया और आगे को सब सिखों को यह आदेश दिया के भविष्य में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी गुरु जी कहलाएंगे। गुरु मान्यो ग्रंथ। धर्म की रक्षा के लिए उन्होंने औरंगजेब के साथ 42 साल तक मुकाबला किया। गुरुजी दक्षिण में नांदेड़ में चले गए जहां पर सरहंद के नवाब ने दो पठान सैनिकों को भेज कर गुरु जी को धोखे से शहीद करवा दिया। उनकी शहादत 41 साल की कम उम्र में 7 अक्टूबर , 1708 में नांदेड़ में तखत सचखंड श्री हजूर साहब में हुई। इस तरह देश तथा धर्म की रक्षा करने वाले सिख धर्म के दसवें गुरु ज्योति जोत समा गये। गुरु गोविंद सिंह के सिख धर्म, मानवता के प्रति कर्तव्य, वीरता तथा विद्वता को हमेशा सम्मान से याद किया जाएगा। गुरु गोविंद सिंह को कलगीधर, बाजांवाला, संत सिपाही,दशमेश पिता,सरबंसदानी भी कहा जाता है। वैसे तो सिख धर्म में 10 गुरुओं का अपना अपना महत्व तथा योगदान है परंतु गुरु गोविंद सिंह जी का महत्व तथा योगदान अपना एक विशेष स्थान रखता है जिसके लिए उन्हें युगो युगांत्रों तक श्रद्धा से याद किया जाएगा।

## पिता का होना

कितना जरूरी है पिता का होना,
नहीं पे ता जिंदगी में पल पल रोना,
रोड पर झूमकर चल सकते हो,
किसी भी बात के लिए
मचल सकते हो,,
बेफिक्र हो घर से निकल सकते हो,
पिता के एक इशारे पर
संभल सकते हो,
वो गारंटी है सुरक्षा की,
वो बात करेंगे शिक्षा की,
कद्र करेंगे इच्छा अनिच्छा की,
पत्थर सा कठोर दिखकर भी
कोमल हृदय रखता है,
जब तक बच्चा घर न आ जाये
तब तक राह तकता है,
उनके रहने से हर बात की
निश्चिंतता रहती है,
बच्चे पास न होने पर
उनके नैनों से भी अश्रू बहती है,
भविष्य की चिंता में
वो चिंतित रहता है,
परिवार चलाने के लिए
हर कष्ट सहता है,
अकल्पनीय दुख हो सकता है
जब पिता का साया न हो,
ऐसा कोई बाप नहीं जिसने
बच्चों पर प्यार लुटाया न हो,
पिता ही है जो औलादों में
संस्कार डालता है,
जिंदा रहते तक
स्वयं जिम्मेदारी संभालता है।



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मैं भी हाथ आया नहीं

वक्त से मैं बाते कर रही थी ।
कुछ कह रही थी,कुछ सुन रही थी ।
मैंने पूछा उससे तू ठहरता क्यूँ नही,
तू किसी का होकर रहता क्यूँ नही ।
मुस्करा कर हौले से वक्त बोला,
मैं कल भी तेरा था ।
मैं आज भी तेरा हूँ।
बस तुझे मुझे जीना नही आया।
वक्त जो मिला ईर्ष्या-बैर में गवाया।
मैं ठहरा था तेरे लिए,
कि कुछ पल तू जी ले।
कुछ हँसी के किस्से,
वक्त में कैद कर ले।
बेफिक्र होकर जीना तुझे आया नही।
बीत जाना मेरी फितरत थी,
मैं भी हाथ आया नही।



**गरिमा राकेश गर्विता**
कोटा,
राजस्थान

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## फर्क

जमीन और आसमान में
फर्क होता है।
झूठ और सच में
फर्क होता है।
मोहब्बत और नफरत में
फर्क होता है।
अपने और पराये में
फर्क होता है।
जीत और हार में
फर्क होता है।
दिमाग और दिल में
फर्क होता है।
जायज और नाजायज में
फर्क होता है।
हकीकत और कल्पना में
फर्क होता है।
गुरु और शिष्य में
फर्क होता है।
जीवन और मृत्यु में
फर्क होता।
आदि और अंत में
फर्क होता है।



**डॉ.राजीव डोगरा**
जनयानकड़
कांगड़ा
हिमाचल प्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# आजादी तो मिली मगर व्यवस्था बदल न पायी अब भाजपा की बारी है आयी

## क्या इसी आजादी के लिए भगत सिंह,खुदीराम वोस और मेरे पिता जी जैसे लाखो लोगो ने ली थी आजादी की लड़ाई ?

## काफी लम्बी लड़ाई,त्याग तपस्या और शहादत के बाद मिली भारत की आजादी क्या व्यवस्था बदल पाई...नहीं...

गरीब और गरीब होते गए और अमीर और अमीर होते गए। आरक्षण कुछ सवालों मे सिमट कर रह गए। नेता हो या अभिनेता जो आरक्षण का लाभ लेकर एक बार आगे बढ़ गए उन्हे संपन्न की श्रेणी मे रख कर उन्हे समान्य कैटेगरी में आना चाहिए। फ़िर जो सही हकदत है उसे या उसके परिवार को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए । तब न भीम रव अम्बेडकर साहब का सपना साकार होता!

मगर यहाँ तो बड़ी मछली छोटी मछलियों का हिस्सा भी खा रहा है है ये कह रहा है कि हम तुम्हारे अधिकार के लिए लड़ रहे है। लडताऊ अपने लिए ,अपने परिवार के लिए है और झांसा अपने ही जाति, समाज को डराता है। कैसे होगा देश समाज और गरीबों का कल्याण, दीन,हीन का उत्थान?

### क्या-क्या सपना सजोया था

देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने,शहीदों ने,बलिदानियों ने ,सबका सपना चूर-चूर हो गया। न गाँधी रहे,न सुभाष,न लोहिया ,न कर्पूरी और न अटलजी ही रहे और न सम्पूर्ण क्रांति के लोकनायक जयप्रकाश ही!

### कोन सुनेगा,कौन उठायेगा

दीन,हीन वेसहारो की आबाज को? कौन लड़ेगा इनके हक की लड़ाई को? बस अब एक भाजपा ही बची है जिस पर जनता आशा भरी निगाहों से देख रही है। देश के अधिकांश दल,नेता अपने - अपने वंश को बढाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस परिवार वाद,वंशवाद,जाति वाद,धर्मवाद की लड़ाई में भारत और भारत की गरीब जनता पीछे हो गयी । आगे हो गए चाटुकार,चोर ,उचक्के और दबंग।

### कौन आगे आएगा ?

सबको अपने बेटों को इन्जीनियर,डाक्टर आई ए एस बनाने की धुन सवार है तो कहाँ से आयेगा जेपी, सुभाष, अटल वाजपेयी और विवेकाननद ?

### कौन अपनी जवानी देश के लिए कुर्बान करेगा ?

भारत का सौभाग्य सूर्य,हिमालय भाल का ज्योतिर्मय तिलक विन्दु,राष्ट्र का सबसे अनमोल दिवस, मुक्ति का अमर आलोक पर्व 15 अगस्त 1947 स्वतंत्रता दिवस भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। इस दिन के आगमन में न जाने कितनी माताओं के मांग के दमकते सिन्दरों से,कितने बूढ़ों के अन्धेरे घरों के चिराग से ,न जाने कितनी बहनों की लाल राखी से इस आजादी के स्वागत की आरती सजी थी , ऐसा होता भी क्यों नही?अनय-भित्ति फ़िरंगींयो के शासन का उन्मूलन जो हुआ,जुल्म का जनाजा निकल गया। तब जाके उस दिन राष्ट्र के स्वर्णिम प्रभात से सुसज्जित उषा रानी स्वतंत्रता की मोहक किरणों को छिटकाती प्रकट हुई थी । जन जीवन ने मुद्दत के बाद नयी अन्गराई ली थी ।एक नई ताजगी की लहर सर्वत्र लहरा रही थी । आज 77 वर्षो के बाद पुनः स्वतंत्रता दिवस क्या आई,स्म्रतियों का सैलाव उमड़ पड़ा है। हमारे स्वतंत्रता संग्राम के 77 वर्षो का इतिहास स्मृति के वातायन से झांकने लगता है यदि हम इस इतिहास काअवलोकन करते हैं तो हमारे सामने उपलब्धियों एवं अभावों का धुपछाहीं परिधान निर्मित हो जाता है । हम प्रगति की सीढियों पर चढ़े है या अगति के खण्डकों मे गिरे हैं। हमने मनकामनाओं की मंजिल ही पायी है या मिला जुला कर यथास्थिति के परिधि की ही फेरी लगाई है । निर्णय कर सहसा कहना कठिन हो जाता है।

भारत माँ अब मौन त्याग तुम ही बोलो! क्या यह वही आजादी है, जिसके लाने के लिए न जाने कितनी वीरांगनाएँ अपनी मांग के दमकते सिन्दरों से, वच्चों ने अपने खिलौने,बच्चियों ने अपनी राखियों से सजाकर आरती उतारी थी। अहा! क्या यह वही आजादी है जिसके लिए भगत सिंह चंद्रशेखर आजाद,खुदी राम,विद्रोही सुभाष,जैसे वीर बान्कुरों ने अपनी-अपनी जान की बाजी लगा दी थी। कत्तई नहीं ,यह वह स्वतंत्रत्ता दिवस नहीं है जिसके लिए गोखले, तिलक गाँधी ने तपस्या की थी ?

राम-कृष्ण,अल्ला,गुरुगोविन्द सिंह और ईषा मसीह के देश में जाति,धर्म,भाई-भतीजावाद,वंशवाद,परिवारवाद,पद और पैसों के लिय लोग देश की आजादी को दाव पर लगा देते हैं।

आज न आर्थिक आजादी है ना समाजिक,ना भाषाई,ना धार्मिक! आजादी है । दल बदलने की, आजादी शोषण की,आजादी है।भ्रष्टाचार की,आजादी है लुटने की,आजादी हैं माँ बहनो के अस्मत लुटने की। ऐसी आजादी से क्या जहाँ हम चैन की जिन्दगी भी न जी सकें।

देश में गरीवी-अमीरी की,अल्प संख्यक बहुसंख्यक की। इतनी विषमताएं है कि इसे मिटाना और पाटना मुस्किल है इस देश का यदि क्ल्याण चाहते हो तो आपस मे मिल कर स्नेह,प्रेम,प्यार से रहना सीखो। ऊंच नीच का भेद मिटाओ।

देश मे कड़े नियम की आवश्यकता है यह नहीं कि संविधान लिखे कोई और लेखक कहलाय कोई। देश में दो ही जाति हो-गरीब-अमीर । हर गरीब को शिक्षा,सुरक्षा,रोटी कपडा और मकान मिले। हर अमीर को मान-सम्मान सुख शान्ति और स्वभिमान की रक्षा हो। सबका विकास,सबकी रक्षा,सबको इज्जत मिले,सबका भारत इसका विधान बने।सबके लिए समान नियम कायदा कानून बने।

**धरा जब -जब विकल होती**
**मुसिवत का जब समयआता।**
**किसी भी रुप मे तब कोई**
**महामानव निकल आता।**

किन्तु आज हमारे राष्ट्र पर संकट के इतने काले बादल मडरा रहें है कि हमारी आजादी खतरे मे पड़ी है तब भी हे! मोहन तुम फ़िर मोहन दास के रुप में जन्म क्यों नही लेते।

भारत की एसी दुर्दशा देख पड़ोसियों के मन में हमारी आजादी खटक रही है। तभी तो कोई सोना तो कोई सेना दिखाकर हमारी आजादी को हड़पने की कोशिश कर रहा है ,पर मैं तो कविवर नेपाली जी के स्वर में स्वर मिला कर यही कहूंगा कि-

**तुमको नही पहचान है**
**यह क्रांति क्या तूफान है?**
**फौलाद की दीवाल,अब**
**यह आजाद हिन्दोस्तान है ।**

मगर घबराने और हाथ पर हाथ रखने से देश का कल्याण नही होने वाला है। हम हिम्मत न हारे,हमे जागरण का संदेश देकर विकास की सुन्दर लहर उठनी है निष्ठा की नयी सारणी बनानी है कर्मठ्ता की नई डगर निकाल कर वह स्वर्णिम प्रभात वाला भविष्य दूर नहीं जबकि हमारा भारत पुनः आर्थिक सांस्कृतिक, सामजिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विश्व का शिरोमणि राष्ट्र बनने जा रहा है और भारत की खोई प्रतिष्ठा पुनः लौट जाय। राम कृष्ण का यह देश पुनः विश्वगुरु बन विश्व रंग मंच पर अपना परचम लहराए और भारत की आजादी निष्कंटक हो आगे बढ़े । एक बार फ़िर सभी सेनानियो को शत बार प्रणाम । कोटि कोटि नमन। आज सबके सामने एक ही प्रश्न गुंज रहा है।आजादी तो हमे मिल गई,मगर क्या व्यवस्था बदली? नही! तो क्या इसी आजादी के लिए भगतसिंह, खुदीराम वोस,सुभाषचन्द्र वोस,मेरे पिताश्री विश्वनाथ प्र0 श्रीवास्तव,जे0 पी,गाँधी जैसे महान नेताओं ने लड़ाई लड़ी थी। क्या आज की युवा पीढ़ी हाथ पर हाथ रख कर तमाशा देखती रहेगी। जगो देश के नव जवानो,माता तुम्हे पुकार रही है, वीरो को ललकार रही है।

जय हिन्द ,जय जवान,जय किसान,जय विज्ञान,जय भारत। लोहिया,न कर्पूरी और न रहे सम्पूर्ण क्रांति के लोकनायक जयप्रकाश!

कोन सुनेगा,कौन उठायेगा दीन,हीन वेसहारों की आबाज को? कौन लडेगा इनके हक की लड़ाई को?

देश के अधिकांश दल,नेता अपने अपने वंश को बढाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस परिवार वाद,वंशवाद ,जाति वाद,धर्मवाद की लड़ाई में भारत और भारत की गरीब जनता पीछे हो गयी । आगे हो गये चाटुकार,चोर ,उचक्के।

कौन आगे आएगा ? सबको अपने बेटों को इन्जीनियर, डाक्टर आईएएस बनाने की धुन सबर है तो कहाँ से आयेगा जे पी,सुभाष,विवेकाननद? कौन अपनी जवानी देश के लिए कुरवान करेगा?

भारत का सौभाग्य सूर्य,हिमालय भाल का ज्योतिर्मय तिलक विन्दु,राष्ट्र का सबसे अनमोल दिवस, मुक्ति का अमर आलोक पर्व 15 अगस्त 1947 स्वतंत्रता दिवस भारतीय इतिहास कास्वर्णिम अध्याय है।इस दिन के आगमन में न जाने कितनी माताओं के मांग के दमकते सिन्दरों से, कितने बुढो के अन्धेरे घरों के चिराग से ,न जाने कितनी बहनों की लाल राखी से इस आजादी के स्वागत की आरती सजाई थी , ऐसा हो भी क्यों नही

अन्य भित्ति फ़िरंगींयो के शासन का उन्मूलन जो हुआ, जुल्म का जनाजा निकल गया। तब जाके उस दिन राष्ट्र के स्वर्णिम प्रभात से सुसज्जित उषा रानी स्वतंत्रता की मोहक किरनों को छिटकाती प्रकट हुई थी । जन जीवन ने मुद्दत के बाद नयी अन्गराई ली थी । एक नई ताजगी की लहर सर्वत्र लहरा रहीथी।

आज 77 वर्षो के बाद पुनः स्वतंत्रता दिवस क्या आया,स्मृतियों का सैलाव उमड़ पड़ा है। हमारे स्वतंत्रता संग्राम के 77 वर्षो का इतिहास स्मृति के वातायन से झांकने लगता है यदि हम इस इतिहास का अवलोकन करते हैं तो हमारे सामने उपलब्धियों एवं अभावों का धुपछाहीं परिधान निर्मित हो जाता है । हम प्रगति की सीढ़ियों पर चढ़े है या अगति के खण्डकों मे गिरे हैं। हमने मनन्कामनाओं की मंजिल ही पायी है या मिला जुला कर यथास्थिति के परिधि की ही फेरी लगाई है । निर्णय कर सहसा कहना कठिन हो जाता है।

भारत माँ अब मौन त्याग तुम ही बोलो! क्या यह वही आजादी है, जिसके लाने के लिए न जाने कितनी वीरांगनाएँ अपनी मांग के दमकते सिन्दरों से, वच्चों ने अपने खिलौने,बच्चियों ने अपनी राखियों से सजाकर आरती उतारी थी। अहा! क्यायह वही आजादी है जिसके लिए भगत सिं चंद्रशेखर आजाद,खुदी राम,विद्रोही सुवाष,जैसे वीर बान्कुरों ने अपनी-अपनी जान की बाजी लगा दी थी। कत्तई नहीं,यह वह स्वतंत्रत्ता दिवस नहीं है जिसके लिए गोखले, तिलक गाँधी ने तपस्या की थी ?

राम-कृष्ण,अल्ला,गुरुगोविन्द सिंह और ईषा मसीह के देश मेंजाति,धर्म,भाई-भतीजावाद,वंशवाद,परिवारवाद,पद और पैसों के लिये लोग देश की आजादी को दाव पर लगा देते हैं। आज न आर्थिक आजादी है ना समाजिक ,ना भाषाई, ना धार्मिक !आजादी है । दल बदलने की, आजादी शोषण की,आजादी है भ्रष्टाचार की,आजादी है लुटने की, आजादी हैं माँ बहनो के अस्मत लुटने की। ऐसी आजादी से क्या जहाँ हम चैन की जिन्दगी भी न जी सकें।

देश में गरीवी-अमीरी की, अल्प संख्यक बहुसंख्यक की। इतनी विषमताएं है कि इसे मिटाना और पाटना मुस्किल है इस देश का यदि क्ल्याण चाहते हो तो आपस मे मिल कर,स्नेह,प्रेम,प्यार से रहना सीखो। ऊंच-नीच का भेद मिटाओ। देश मे कड़े नियम की आवश्यकता है यह नहीं कि संविधान लिखे कोई और लेखक कहलाय कोई।देश में दो ही जाति हो-गरीब-अमीर ।हर गरीब को शिक्षा, सुरक्षा रोटी कपडा और मकान मिले। हर अमीर को मान-सम्मान सुख शान्ति और स्वभिमान की रक्षा हो। सबका विकास, सबकी रक्षा,सबको इज्जत मिले, सबका भारत इसका विधान बने। सबके लिए समान नियम कायदा कानून बने।

**धरा जब -जब विकल होती**
**मुसिवत का जब समयआता।**
**किसी भी रुप मे तब कोई**
**महामानव निकल आता।**

किन्तु आज हमारे राष्ट्र पर संकट के इतने काले बादल मडरा रहें है कि हमारी आजादी खतरे मे पड़ी है तब भी हे! मोहन तुम फ़िर मोहन दास के रुप में जन्म क्यों नही लेते।

भारत की एसी दुर्दशा देख पड़ोसियों के मन में हमारी आजादी खटक रही है। तभी तो कोई सोना तो कोई सेना दिखाकर हमारी आजादी को हड़पने की कोशिश कर रहा है पर मैं तो कविवर नेपाली जी के स्वर में स्वर मिला कर यही कहूंगा की

**तुमको नही पहचान है**
**यह क्रांति क्या तुफान है?**
**फौलाद की दीवाल,अब**
**यह आजाद हिन्दोस्तान है ।**

मगर घबरने और हाथ पर हाथ रखने से देश का कल्याण नही होने वाला है। हम हिम्मत न हारे,हमे जागरण का संदेश देकर विकास की सुन्दर लहर उठनी है निष्ठा की नयी सारणी बनानी है कर्मठ्ता की नई डगर निकाल कर वह स्वर्णिम प्रभात वाला भविष्य दुर नहीं जबकि हमारा भारत पुनःआर्थिक सांस्कृतिक,सामजिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विश्व का शिरोमणि राष्ट्र बन जाय । और भारत की खोई प्रतिष्ठा पुनः लौट जाय। राम कृष्ण का यह देश पुनः विश्वगुरु बन विश्व रंग मंच पर अपना परचम लहराएऔर भारत की आजादी निष्कंटक हो आगे बढे । एक बार फ़िर सभी सेनानियो को शत बार प्रणाम ।कोटि कोटि नमन।

आज सबके सामने एक ही प्रश्न गुँज रहा है। आजादी तो हमे मिल गई ,मगर क्या व्यवस्था बदली? नही! तो क्या इसी आजादी के लिए भगत सिंह, खुदीराम वोस,सुभाष चन्द्र वोस,मेरे पिताश्री विश्वनाथ प्र0 श्रीवास्तव,जे0 पी,गाँधी जैसे महान नेताओं ने लड़ाई लड़ी थी। क्या आज की युवापीढी हाथ पर हाथ रख कर तमाशा देखती रहेगी।जगो देश के नव जवानो माता तुम्हे पुकार रही है, वीरो को ललकार रही है।

**जय हिन्द ,जय जवान,जय किसान,जय विज्ञान,जय भारत ।**

कांग्रेस की सरकार को बिहार और देश ने देखा है, बड़े भाई-छोटे भाई को भी 32 वर्षो से देख रहा है।

अब भाजपा की सरकार पर सबकी आशा भरी निगाह लगी है।

**रवींद्र कुमार रतन,**
स्वतंत्र लेखन,सेनानी सदन
हाजीपुर,बिहार

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# सरगुजा में हाथियों का उत्पात जारी, अलग-अलग जगहों पर दो की ली जान

**- सवाददाता -**
**अंबिकापुर,05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा में हाथियों का उत्पात जारी है। ये जिले के अलग-अलग इलाके में कई दल में विचरण कर रहे हैं। बतौली वन परिक्षेत्र के ग्राम कछारडीह में गुरुवार की देर शाम हाथी ने एक ग्रामीण पर हमला कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई। वहीं उदयपुर वन परीक्षेत्र के ग्राम तरापारा में भी देर रात हाथी ने एक अज्ञात व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया है। इसकी लाश शुक्रवार की सुबह क्षत-विक्षत हालम में मिला है। लाख क्षत विक्षत होने के कारण इसकी पहचान नहीं हो पाई है। वन विभाग आसपास के गांव वालों को सूचना देकर शिनाख्त की कोशिश कर रही है। फिलहाल शव को उदयपुर अस्पताल के मरच्यूरी में रखवा दिया गया है।



जिले अलग-अलग इलाकों में हाथियों का कई दल विचरण कर रहा है। अंबिकापुर शहर के समीप के क्षेत्रों में 33 हाथियों का दल पिछले एक सप्ताह से डेरा जमाए हुए थे। वहीं वन परिक्षेत्र उदयपुर में 9 हाथियों के दल ने विगत 11 दिसम्बर से उत्पात मचा रखा है। उदयपुर वन परिक्षेत्र के पतरापारा में गुरुवार की देर रात हाथियों ने एक अज्ञात व्यक्ति पर हमला कर दिया। उसकी लाश क्षत विक्षत हालत मे पाइ गइ। लाश काफी क्षतिग्रस्त होने के कारण पहचान नहीं हो पा रही है। घटना स्थल के आसपास के घर वाले हाथियों के डर से रात में घर खाली करके सुरक्षित स्थान पर चले गए थे। हाथियों द्वारा अज्ञात व्यक्ति पर हमला किए जाने की घटना रात करीब 11 से 12 बजे के बीच की बताई जा रही है। फिलहाल वन विभाग शव को उदयपुर अस्पताल के मरच्यूरी में रखवाकर उसकी शिनाख्ती की कोशिश कर रही है। वहीं बतौली वन परिक्षेत्र के ग्राम कछारडीह निवासी शिवचरण कोरबा पिता लाथू कोरबा उम्र 40 वर्ष पर गुरुवार की शाम हाथी ने हमला कर दिया था। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। शव क्षत विक्षत हालत में पाया गया है। हाथियों के डर से लोग घर में रहना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। शाम होते ही लोग अपने-अपने घरों को छोडक़र सुरक्षित स्थान पर चले जाते हैं। वहीं लोग कडक़ड़ती ठंड में खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर हैं। वहीं पुरूष पूरी रात अलाव जलाकर हाथियों से अपने परिवार की निगरानी बनाए रहते हैं।

## विधायक प्रबोध ने वर्षों से बंद रघुनाथपुर गन्ना खरीदी केंद्र शुरू करने सहकारिता मंत्री से की मुलाकात

**- सवाददाता -**
**अंबिकापुर,05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**



सरगुजा जिले के गन्ना उत्पादक किसानों के लिए लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने पहल की है। उन्होंने चार वर्षो से बंद गन्ना खरीदी केंद्र रघुनाथपुर को फिर से आरंभ करने की मांग की है ताकि गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ना बिक्री करने के लिए ग्राम केरता स्थित सहकारी शक्कर कारखाना न जाना पड़े। विधायक प्रबोध मिंज ने सहकारिता मंत्री से मुलाकात कर गन्ना उत्पादक किसानों को राहत देने सार्थक प्रयास किया है। उन्होंने मंत्री को एक पत्र भी सौंपा है। विधायक मिंज ने बताया कि लुण्ड्रा ब्लॉक में पूर्व में संचालित गन्ना खरीदी केन्द्र रघुनाथपुर को पुन÷ चालू करना जरूरी है। लुण्ड्रा अंतर्गत रघुनाथपुर में गन्ना खरीदी केन्द्र विगत चार वर्षो से बंद है। इससे पूर्व मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित् केरता जिला सूरजपुर द्वारा रघुनाथपुर में गन्ना खरीदी केन्द्र संचालित किया जाता था उक्त खरीदी केन्द्र में लुण्ड्रा, बतौली, सीतापुर एवं मैनपाट ब्लॉक के गन्ना कृषकों द्वारा उत्पादित गन्ना को रघुनाथपुर खरीदी केन्द्र में खरीदी किया जाता था। पेराई वर्ष 2020-21 से इस क्षेत्र के कृषकों से कारखाना द्वारा ग्राम केरता में सीधे खरीदी किया जा रहा है जिससे कृषकों को परिवहन व्यय ज्यादा लग रहा है जिसके फलस्वरूप कृषक गन्ना उत्पादन करने हेतु हतोत्साहित हो रहे हैं एवं गन्ने का रकबा निरन्तर घटता जा रहा है जबकि धान की तुलना में गन्ने की फसल कृषकों के लिए अधिक लाभदायक है। यदि रघुनाथपुर खरीदी केन्द्र पुन÷ प्रारम्भ किया जाता है तो धान की अपेक्षा गन्ना का रकबा बढ़ेगा एवं कृषकों की आय में वृद्धि होगी। रघुनाथपुर गन्ना खरीदी केन्द्र को पुनः चालू करने हेतु लगातार मेरे समक्ष कृषकों द्वारा मांग किया जा रहा है। उन्होंने रघुनाथपुर गन्ना खरीदी केन्द्र को पुनः प्रारम्भ करने आग्रह किया है।

## तम्बाकू उपयोग पर नियन्त्रण एवं दुष्प्रभाव हेतु व्याख्यान का आयोजन



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

पीजी कॉलेज में शुक्रवार को तम्बाकु उत्पादों के उपयोग पर नियंत्रण तथा सामाजिक दुष्प्रभाव विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला तथा समाजशास्त्र विभाग एवं रेडक्रॉस समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। मुख्य वक्ता संदीप कुशवाहा, सहायक प्राध्यापक, रसायनशास्त्र थे। डॉ. प्रतिभा सिंह विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र द्वारा तम्बाकु उत्पादों के सेवन के सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संदीप कुशवाहा ने सिगरेट तथा अन्य तम्बाकु उत्पाद नियत्रंण कानून की विभिन्न धाराओं तथा तम्बाकु मुक्त शिक्षण संस्थान की शर्तो तथा गाईडलाईन पर चर्चा की। उन्होनें नशे की लत के जैव रासायनिक कारण तथा मानव शरीर पर तम्बाकु उत्पादों के दुष्प्रभावों को समझाया। उन्होनें बताया कि इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट, सिगार तथा हुक्का छत्तीसगढ़ में पूर्णतः प्रतिबंधित है, जबकि सिगरेट एवं अन्य तम्बाकु उत्पादों की बिक्री एवं उपयोग पर कोई प्रतिबंध देश के किसी राज्य में नहीं है। अतः केवल जागरूकता के माध्यम से ही इसकी रोकथाम संभव है। उक्त कार्यक्रम का संचालन छात्र शिवम सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रदीप कुमार एक्का ने मुख्य वक्ता तथा अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## पंचायत सचिव निलंबित

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर,05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना में तमाम निर्देशों के बावजूद लापरवाही बरतने पर जिले के कुल आठ पंचायत सचिवों को जिला CEO ने निलंबित कर दिया है।

जिसमें विकासखण्ड कुसमी के ग्राम पंचायत कटिमा के पंचायत सचिव

**निलंबित**

मनोज पैंकरा, ग्राम पंचायत शाहपुर के पंचायत सचिव अविनाश एक्का, विकासखण्ड कुसमी के ग्राम पंचायत हर्री के पंचायत सचिव सुरेश बंशी, विकासखण्ड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत बेलसर के पंचायत सचिव अजय सिंह, विकासखण्ड वाड्रफनगर के ग्राम पंचायत पंडरी के पंचायत सचिव सुखदेव कुशवाहा, ग्राम पंचायत पेंडारी के पंचायत सचिव अनुज सिंह, विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम पंचायत नवाडीह के पंचायत सचिव हेरोद कच्छप और विकासखण्ड रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत नगरा के पंचायत सचिव मनौवर हाशमी को निलंबित कर दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में लक्ष्य के अनुरूप निर्माण कार्य में प्रगति नहीं पाए जाने पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से इन्हें निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय सम्बंधित जनपद पंचायत कार्यालय निर्धारित किया गया।

## आमजन की प्राथमिकताएं ही होगी प्रशासन की प्राथमिकता




**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

**» कलेक्टर भोस्कर विलास संदिपान ने किया पदभार ग्रहण**

सरगुजा जिले के नवनियुक्त कलेक्टर भोस्कर विलास संदिपान ने शुक्रवार को जिला कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर भोस्कर विलास संदिपान सरगुजा जिले के 52वें कलेक्टर के रूप में नियुक्त किए गए हैं।

नवपदस्थ कलेक्टर भोसकर विलास संदीपान ने पदभार ग्रहण करने के बाद प्रेस वार्ता कर पत्रकारों से जिले के विकास में अपना विजन साझा किया। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन और आमजन की प्राथमिकताएं ही प्रशासन की प्राथमिकता होगी। जनदर्शन में आने वाले आवेदनों का यथासंभव तत्काल स्पॉट पर ही निराकरण हो सके, इसका प्रयास किया जाएगा। साथ ही आम जन की सहूलियत के लिए आवेदनों का निराकरण एक निर्धारित समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसी तरह राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु भी समय सीमा निर्धारित रहेगी जिसकी समीक्षा हर 15 दिवस में राजस्व अधिकारियों की बैठक में की जाएगी।

नवपदस्थ कलेक्टर संदीपान 2011 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी है। पूर्व में भी परिवीक्षा अवधि के दौरान सरगुजा जिले में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। नवपदस्थ कलेक्टर भोस्कर विलास संदिपान इससे पूर्व मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के रूप में पदस्थ रह चुके हैं।

## ड्रोन टेक्नोलॉजी इन हेल्थ केयर सेक्टर में अंबिकुपर मेडिकल कॉलेज भी शामिल

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

ड्रोन टेक्नोलॉजी इन हेल्थ केयर सेक्टर भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी परियोजना है। जिसमें मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर को देश के 25 मेडिकल कॉलेजों में चयनित किया गया है। जिन्हें आगामी दिनों में ड्रोन के माध्यम से सीएचसी उदयपुर से सैम्पल मंगाना है। मेडिकल कॉलेज सरगुजा का इस पायलेट प्रोजेक्ट में चयनित होना सरगुजा संभाग के लिए गर्व की बात है। जिस हेतु मेडिकल कॉलेज में इस संबंध में अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति द्वारा सर्व संबंधितों को निर्देशित किया गया इस प्रोजेक्ट हेतु ड्रोन दीदी की ट्रेनिंग दिल्ली में निःशुल्क प्रदाय की जाएगी। जिसमें सैम्पल, किट, दवाइयों का उठाव एवं संकलन, ट्रॉन्सफर तथा मेडिकल कॉलेज लैबोरेटरी में जांच ड्रोन मशीन की कार्यविधि के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। कोविड जैसी महामारी अथवा आपदा कि स्थिति में यह बहुत कारगर एवं प्रभावी कदम साबित होगा। प्रायः देखा जाता है कि यातायात बाधित होने, हड़ताल, सडक़ दुर्घटना की स्थिति में सैम्पल,दवा,किट्स इत्यादि कि सप्लाई बाधित होती है। यह पायलेट प्रोजेक्ट उसी दिशा में टेस्टिंग इत्यादि नियंत्रित करने में सार्थक पहल होगी।

## दिल्ली में राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी से हुई टीएस सिंहदेव की आत्मीय मुलाकात

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र अभियान समिति के संयोजक व छत्तीसगढ़ के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। सिंहदेव ने इस मुलाकात को सुखद बताया है।

**टीएस बाबा ने लिखा है...**

उनका (राहुल गांधी) अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया और यह सुनिश्चित करने के लिए अपना बहुमूल्य समय देने का अनुरोध किया कि हमारी दृष्टि राष्ट्र की आकांक्षाओं के साथ प्रभावी ढंग से मेल खाती है। सहयोगात्मक रूप से, एक समावेशी और संपूर्ण परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से, हमारा लक्ष्य आम जनता और प्रमुख हितधारकों के विविध दृष्टिकोणों को शामिल करना है जिनकी अंतर्दृष्टि एक व्यापक और प्रतिनिधि घोषणापत्र को आकार देने में महत्वपूर्ण है।

बता दें, लोकसभा चुनाव घोषणा पत्र समिति के राष्ट्रीय संयोजक टीएस सिंहदेव इन दिनों दिल्ली दौरे पर हैं। एक दिन पूर्व घोषणा पत्र अभियान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम सहित अन्य राष्ट्रीय नेताओं के साथ बैठक हुई जिसमें घोषणा पत्र तैयार करने को लेकर लंबी चर्चा हुई है।



## सडक़ दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत,दूसरा गंभीर

**- संवाददाता -**
**सीतापुर,05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

नेशनल हाईवे क्रमांक-43 में हुई सडक़ दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक के पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवक बाइक से पत्थलगांव जा रहे थे तभी ये हादसा हो गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखंड मैनपाट के तराई गांव डांगबुड़ा निवासी रविशंकर तिर्की 34 वर्ष अपने साथी संतोष के साथ बाइक से पत्थलगांव जा रहे थे। इसी दौरान गलत दिशा में जाकर बाइक सवार दोनों युवक प्रकाश हाईस्कूल पत्थलगांव के पास नेशनल हाईवे क्रमांक-43 में सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गए। इस घटना में बाइक चला रहा युवक रविशंकर तिर्की ट्रक के अगले पहिये के नीचे आ गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही बाइक सवार दूसरा युवक संतोष घायल हो गया। जिसे उपचार हेतु हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। इस घटना की खबर मिलते ही दोनों युवक के परिजन घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

# अम्बिकापुर बस टर्मिनल के पीछे शिफ्ट किए गए अव्यवस्थित 40 ठेले-गुमटी

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में अव्यवस्थित ढंग से संचालित ठेले गुमटियों के खिलाफ अभियान चलाकर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की गई। नगर निगम द्वारा इन ठेले गुमटियों को टर्मिनल बिल्डिंग के पीछे खाली पड़ी जमीन पर शिफ्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही जोन में संचालित ठेला गुमटी संचालकों को नियमानुसार गुमटियों पर की व्यवसाय करने के निर्देश दिए गए है।



गौरव पथ के साथ ही मुख्य मार्ग से ठेले-गुमटियों को हटाये जाने के बाद की तस्वीर

बता दें कि नगर निगम द्वारा शहर में अव्यवस्थित ठंड से संचालित ठेले गुमटियों को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नो वडिंग जोन में संचालित ठेले गुमटियों पर कार्रवाई कर उन्हें हटाया गया है इसके साथ ही दर्जनों की संख्या में ठेले गुमटी जब्त किए गए है। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार के निर्देश पर उड़न दस्ता टीम द्वारा बुधवार को प्रतीक्षा बस स्टैंड में नो वेंडिंग जोन में संचालित ठेले गुमटियों पर कार्रवाई कर चार गुमटियों को जब्त किया गया था इसके साथ ही 15 गुमटी संचालकों को नो वेंडिंग जोन से हटाने के निर्देश दिए गए थे। गुरुवार को आयुक्त के निर्देश पर टीम द्वारा बस स्टैंड के प्रवेश व निकासी द्वार के साथ ही मुख्य सड़क पर संचालित गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की गई। टीम द्वारा गौरव पथ के साथ ही मुख्य मार्ग को खाली कराया गया। इसके साथ ही गुमटी संचालकों को व्यवसाय के लिए। प्रतीक्षा बस स्टैंड के टर्मिनल के पीछे खाली पड़ी जमीन पर स्थान दिया गया है। उक्त शासकीय भूमि को बस संचालकों द्वारा अपना पार्किंग एरिया बना लिया गया था और अवैध रूप से बसों को खड़ा कर रहे थे। टीम द्वारा बसों को हटाने के बाद लगभग 40 चलित ठेलों को उक्त स्थान पर शिफ्ट कराया गया है और उन्हें इसी क्षेत्र में व्यवसाय करने के निर्देश दिए गए है। निर्धारित स्थान के अतिरिक्त मुख्य मार्ग व नो वेंडिंग जोन में ठेले गुमटी लगाने व स्थाई गुमटी लगाकर भूमि कब्जा करने वालों को निगम ने भविष्य में पुनः कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। इस कार्यवाही में राजस्व निरीक्षक विजय कुजूर, उड़न दस्ता टीम रविंद्र लाल, अखिलेश पांडे, चंदन यादव, दीपक सोनी, राजीव सिंह, सौरभ वर्मा, कपिल सिंह, विजय कश्यप, अजय विश्वकर्मा शामिल थे।

## रामनगर धान खरीदी केंद्र में मिली भारी अनियमता,किसान खुद हमाली का काम करने को है मजबूर



**- संवाददाता -**
**सूरजपुर, 05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ में एक नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हो चुकी है। किसान धान खरीदी केंद्रों में धान बेचने पहुंच रहे हैं। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से खरीदी केंद्रों में व्यवस्था दुरुस्त होने का दावा किया जाता है। लेकिन सूरजपुर जिले के धान खरीदी केंद्र रामनगर में अव्यवस्था देखने को मिली है। यहां किसान खुद हमाली कर रहे है और धान की बोरियों को शेड में छल्नी लगा रहे है। अगर हमाली मजदूर से करवाया जाता है तो किसानों से 10रूपये नगद राशि लिया जाता है।इसके अलावा किसानों से प्रति बोरी 40 किलो 800 धान लेना है। लेकिन रामनगर 41 किलो 200 ग्राम धान लिया जा रहा है। इसका खुलासा तब हुआ जब भाजयुमो नेता दुर्गा गुप्ता रामनगर समिति में धान खरीदी का निरीक्षण करने पहुंचे।

दरअसल, रामनगर धान खरीदी केंद्र में दर्जन से ज्यादा गांव के किसान धान बेचने पहुंचते है। सैकड़ों किसान यहां धान बेचने पहुंचते है। इसके लिए सरकार की ओर से सभी समितियों को फंड रिलीज किया जाता है। लेकिन रामनगर गांव के धान खरीदी केंद्र में किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को भाजयुमो जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता व भाजपा आदिवासी मोर्चा मंडल अध्यक्ष बृजलाल टेकाम ने रामनगर धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने कुछ किसानों से धान खरीदी केंद्र में व्यवस्था को लेकर सवाल जवाब किया, तो किसानों ने बताया कि खुद उन्हें हमाली का काम करना पड़ रहा है।

किसानों ने बताया कि समिति द्वारा उनसे 41 किलो 200 ग्राम धान प्रति बोरा लिया जा रहा है। जबकि शासन की गाइडलाइन के अनुसार किसान से प्रति बोला 40 किलो 800 ग्राम धान लेना है। वहीं किसानों की इन समस्याओं को लेकर दुर्गा गुप्ता ने समिति प्रबंधक तुलेश्वर प्रजापति को फटकार लगाई, तब समिति द्वारा आनन फानन में कुछ हमालियों को किसानों के पास भेजा। तब जाकर किसान संतुष्ट हुए। गौर करने वाली बात है कि शासन की ओर से समितियों में हमाली काम करने के लिए प्रत्येक मजदूर को प्रति बोरा के हिसाब से 9 रुपए दिया जाता है। इसके बावजूद किसान खुद ये काम करना पड़ रहा है।

इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि किसानों के हित में पहल किया जायेगा। अव्यवस्थाएं दूर की जाएंगी।

CMYK

# भारत विरोधी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं करेंगे, बांग्लादेश के गृह मंत्री का बड़ा बयान

**नई दिल्ली, 05 जनवरी 2024।** बांग्लादेश में रविवार यानी कि 7 जनवरी को आम चुनाव होने हैं। इससे पहले बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने कहा है कि जब तक अवामी लीग की सरकार है, तब तक बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियां या आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बांग्लादेशी गृह मंत्री ने ये भी कहा कि भारत को चीन के बांग्लादेश में निवेश से परेशान नहीं होना चाहिए और भारत और बांग्लादेश के रिश्ते आने वाले दिनों में और मजबूत होंगे।

पीटीआई के साथ टेलीफोन पर दिए एक इंटरव्यू में शेख हसीना सरकार के वरिष्ठ मंत्री ने कहा कि अवामी लीग की सरकार में 7 जनवरी को निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी बीएनपी ने हार के डर से चुनाव के बहिष्कार का एलान किया है। बीएनपी ने मांग की है कि चुनाव से पहले केयरटेकर सरकार बनाई जाए, लेकिन मांग पूरी ना होने के चलते बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया है।

### बीएनपी की सरकार में बढ़ती हैं भारत विरोधी गतिविधियां



असदुज्जमां खान ने बताया कि बीएनपी और जमात के कार्यकाल के दौरान भारत विरोधी तत्वों को बांग्लादेश में बढ़ावा दिया गया। हमने सत्ता में आने के बाद उनका सफाया किया। जब तक हमारी पार्टी (अवामी लीग) सत्ता में है, तब तक हम अपने देश में भारत विरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। गृह मंत्री ने ये भी कहा कि बीएनपी के सत्ता में आने के बाद भारत विरोधी गतिविधियां बढ़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के भारत से रिश्ते खास हैं, क्योंकि भारत ने बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई थी। आने वाले दिनों में दोनों देशों के रिश्ते और मजबूत होंगे।

### चीन से बढ़ते संबंधों पर क्या बोले

बांग्लादेश में चीन के बढ़ते निवेश पर असदुज्जमां ने कहा कि भारत को इससे परेशान होने की जरूरत नहीं है। भारत और बांग्लादेश के रिश्तों की किसी से तुलना नहीं हो सकती। चीन हमारे पावर प्लांट्स और आधारभूत ढांचे में निवेश कर रहा है लेकिन भारत से हमारे रिश्ते अलग हैं और इसका असर हमारे रिश्तों पर नहीं पड़ेगा। शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग की सरकार साल 2008 से बांग्लादेश की सत्ता पर काबिज है।

## राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने किया 13 वें संविधान संशोधन का समर्थन,तमिल समुदाय की मांग पर कही ये बात

**कोलंबो,05 जनवरी 2024।** श्रीलंका का अल्पसंख्यक तमिल समुदाय राजनीतिक स्वायत्तता की लंबे समय से मांग कर रहा है। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शुक्रवार को इसका समाधान करने के लिए भारत द्वारा प्रस्तावित 13वें संशोधन का समर्थन किया है।



भारत 13 वें संशोधन को लागू करने के लिए श्रीलंका पर दबाव बना रहा है। 13 में तमिल समुदाय को सत्ता के हस्तांतरण का प्रावधान है। विक्रमसिंघे ने तमिल बहुल उत्तरी प्रांत की राजधानी जाफना में पेशेवरों के एक समूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सत्ता का हस्तांतरण केवल एक राजनीतिक अवधारणा नहीं, बल्कि एक आर्थिक वास्तविकता होनी चाहिए। 1987 में प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन भारत सरकार के सीधे दखल के कारण 13 श्रीलंका के संविधान का हिस्सा बन गया था। इसने उत्तर और पूर्व के अस्थायी विलय के साथ नौ प्रांतों के लिए नौ प्रांतीय परिषदें बनाई थी। जिनके बारे में तमिल अल्पसंख्यक दावा करते हैं कि यह उनकी पारंपरिक मातृभूमि है। उन्होंने पेशेवरों के समूह से कहा, अगर हम 13वें संशोधन के प्रावधानों की जांच करें तो उन्हें एक मजबूत स्थानीय अर्थव्यवस्था बनाने के लिए पर्याप्त अधिकार हैं। हम उन मामलों में दखल ने देने का वादा करते हैं।

## नेपाल की मदद के लिए भारत ने फिर बढ़ाए हाथ, भूकंप प्रभावित क्षेत्रों के लिए 7.5 करोड़ डॉलर देने का वादा



**काठमांडू,05 जनवरी 2024।** नेपाल में पिछले साल आए भूकंप के बाद लोगों को अपने घरों के पुनर्निर्माण और जिंदगी को पटरी पर लाने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। अब अपने पड़ोसी देश की मदद को भारत ने एक बार फिर जिम्मा उठा लिया है। विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने शुक्रवार को एलान किया कि भारत मदद जारी रखेगा और भूकंप से प्रभावित नेपाल के पश्चिमी जिले में बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए 7.5 करोड़ डॉलर देगा।

### इस साल की पहली विदेश यात्रा पर जयशंकर

बता दें,जयशंकर इस साल की पहली विदेश यात्रा पर गुरुवार को नेपाल पहुंचे हैं। उन्होंने अपने नेपाली समकक्ष एनपी सउद के साथ साल 2015 में आए भूकंप के बााद काठमांडू में त्रिभुवन विश्वविद्यालय केंद्रीय पुस्तकालय और अन्य पुनर्निर्माण परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

### भूकंप के कारण हुई मौतों को जानकर दुखी

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत पिछले साल नवंबर में नेपाल के पश्चिमी हिस्सों में आए भूकंप के कारण हुई मौतों और तबाही के बारे में जानकर दुखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नेपाल के लोगों और नेतृत्व के प्रति एकजुटता व्यक्त की है और हर संभव सहायता देने की प्रतिबद्धता जताई है।

### हम नेपाल के लोगों के साथ

उन्होंने कहा, हम नेपाल के लोगों के साथ खड़े हैं और हमेशा खड़े रहेंगे। इसलिए हमने कल प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड को बताया कि हम प्रभावित जिलों में बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए 1,000 करोड़ नेपाली रुपये यानी 7.5 करोड़ डॉलर देंगे।

# न्यूयॉर्क में भारतीय मूल का व्यक्ति गिरफ्तार
## डॉक्टरों से 10 लाख अमेरिकी डॉलर की चोरी का आरोप

**न्यूयॉर्क,05 जनवरी 2024 ।** न्यूयॉर्क में घालयों को चिकित्सा प्रदान करने वाले डॉक्टरों से दस लाख अमेरिकी डॉलर की चोरी करने के आरोप में 61 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान अमरीश पटेल के तौर पर की गई है।

न्यूयॉर्क के अटर्नी जनरल ने बताया कि अमरीश की दो कंपनियां मेडलिंक सर्विस और मेडलिंग पार्टनर्स के खिलाफ 2012 से लेकर 2019 तक चोरी के आरोप में 27 गुंडागर्दी के मामले दर्ज किए गए हैं। आरोपी और उसकी कंपनी पर बीमा धोखाधड़ी, चोरी और रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 11 मामले दर्ज किए गए है।

एटर्नी जनरल के अनुसार आरोपी को इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और 100,000 के बॉन्ड के साथ रिहा कर दिया गया है। अमरीश ने ब्रूक्लिन स्थित ऑर्थोपेडिक सर्जरी प्रैक्टिस के लिए बिलिंग सेवाएं प्रदान की थी। इस दौरान उसने श्रमिकों के मुआवजे में से 1.1 मिलियन डॉलर की चोरी करने के लिए न्यूयॉर्क स्टेट इंश्योरेंस फंड (एनवाईएसआईएफ) को गलत दस्तावेज जमा किया था।



### श्रीलंका ने 21 भारतीय मछुआरों को चेन्नई वापस भेजा

श्रीलंका के जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद शुक्रवार को 21 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया गया है। इन मछुआरों को वापस चेन्नई भेज दिया गया है। नौसेना ने इस बारे में जानकारी दी है। एक बयान में बताया गया कि 2023 में उन्होंने श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार के आरोप में 240 भारतीय मछुआरों को 35 ट्रॉलरों के साथ गिरफ्तार किया था।

श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग ने भी इस संबंध में एक्स पर पोस्ट करके बताया कि 21 सभारतीय मछुआरों को श्रीलंका से चेन्नई वापस लाया गया है।

गौरतलब है कि मछुआरों का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों में एक विवादास्पद मुद्दा है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा को कथित रूप से पार करने और श्रीलंकाई जल में मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किए जाने की समय-समय पर घटनाएं होती रही हैं।

# आम चुनाव से पहले ढाका पहुंचे भारतीय चुनाव आयोग के तीन सदस्य, शेख हसीना ने जनता से की ये अपील

**ढाका,05 जनवरी 2024।** बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले 12वें आम चुनाव से पहले भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के तीन सदस्य ढाका पहुंचे हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले हैं। बांग्लादेश दूतावास के अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। दरअसल, भारतीय चुनाव आयोग के ये सदस्य अंतर्राष्ट्रीय चुनाव पर्यवेक्षकों की टीम का हिस्सा बनकर ढाका पहुंचे हैं।



अधिकारी ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर भारत के चुनाव आयोग से तीन वरिष्ठ अधिकारी ढाका पहुंच चुके हैं। चुनाव आयोग ने सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव में शांतिपूर्ण प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पूरी व्यवस्था कर ली है। बता दें कि तैयारियों के बावजूद विपक्षी पार्टी बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला किया।

### अंतरराष्ट्रीय चुनाव पर्यवेक्षक टीम पहुंची ढाका

बांग्लादेश में होने वाले इस आम चुनाव के लिए यूरोपियन संघ की अंतरराष्ट्रीय चुनाव विशेषज्ञों की टीमें भी ढाका पहुंच चुकी है, जिसमें विभिन्न देशों के कई विदेशी चुनाव पर्यवेक्षक शामिल है। अपने पहले प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा,चुनाव बांग्लादेश में है और यह उनका घरेलू मुद्दा है। यह वहां के लोगों पर है कि वह अपना भविष्य खुद तय करें।

बांग्लादेश की स्थानीय मीडिया ने बताया कि सत्तारूढ़ पार्टी अवामी लीग चुनाव से पहले कॉमनवेल्थ चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ शुक्रवार को बैठक की। कॉमनवेल्थ चुनाव पर्यवेक्षकों का स्वागत करते हुए सत्तारूढ़ पार्टी ने सात जनवरी को होने वाले चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### शेख हसीना की जनता से अपील

अवामी लीग की अध्यक्ष शेख हसीना ने गुरुवार को जनता से आम चुनाव में वोट डालकर उनकी पार्टी को चौथी बार सत्ता में लाने की अपील की। उन्होंने कहा,आज मैं चुनाव चिंह नाव पर वोट मांगने के लिए आपके सामने खड़ी हूं।

अपने संबोधन के दौरान शेख हसीना ने कहा कि वह बांग्लादेश के विकास,लोगों के जीवनशैली को बेहतर बनाने और देश से भूखमरी एवं गरीबी को हटाने के लिए अगले पांच वर्षों तक फिर एकबार सत्ता में रहना चाहती है। बांग्लादेश के इस आम चुनाव में 30 देशों और 180 पर्यवेक्षकों की मौजूदगी देखी जाएगी।

## न्यूज़ीलैंड की सबसे कम उम्र की सासंद का वीडियो वायरल, माओरी भाषा में दिए भाषण को देख लोग हुए हैरान

**हंटली,05 जनवरी 2024।** न्यूजीलैंड की 21 वर्ष सांसद हाना राविती माईपी क्लार्क का माओरी भाषा में दिया गया भाषण सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा हैं। गौरतलब हैं कि न्यूजीलैंड की सबसे कम उम्र की सांसद हैं। पिछले वर्ष अक्तूबर में देश के सबसे वरिष्ठ सांसदों में से एक नानैया महुता को हराकर वह संसद के लिए चुनी गई थी। 21 वर्षीय माईपी क्लार्क माओरी के अधिकारों के लिए लगातार आवाज उठा रही हैं। माईपी क्लार्क ने पिछले महीने दिए गए भाषण में अपने मतदाताओं से एक वादा किया था। उन्होंने कहा था कि मेरी जिंदगी आप लोगों के लिए समर्पित हैं।



21 वर्षीय सांसद ऑकलैंड और हैमिल्टन के बीच एक छोटे से शहर हंटली से है, जहां वह एक माओरी सामुदायिक उद्यान चलाती है, जो बच्चों को समुदाय के चंद्र कैलेंडर के मुताबिक बागवानी के बारे में शिक्षित करता है। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा था कि मैं खुद को राजनेता के तौर पर नहीं बल्कि माओरी भाषा के संरक्षक के रूप में देखती हैं। उनका मानना है कि माओरी की नई पीढ़ी की आवाज को सुनने की जरूरत हैं।

उन्होंने अपने भाषण में कहा, संसद में आने से पहले मुझे कुछ सलाह दी गई थी कि मैं किसी भी बात को व्यक्तिगत रूप से न लूं। ठीक है, मैं इस सदन में कही गई हर बात को व्यक्तिगत रूप से लेने के अलावा कुछ नहीं कर सकती। केवल कुछ ही हफ्तों में इस सरकार ने मेरी पूरी दुनिया पर हमला कर दिया है...स्वास्थ्य, ताइओ (पर्यावरण), वाई (पानी), वेनुआ (भूमि), प्राकृतिक संसाधन, माओरी वार्ड, रेओ (भाषा) के तहत इस देश में रहने का मेरा और आपका अधिकार है।

# पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी बसाहटों में लगाए जा रहे आधार कार्ड शिविर
## नए कार्ड और अपग्रेडेशन दोनों काम जारी

### पहले दिन 278 आधार कार्ड बने

**अम्बिकापुर , 05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** पीएम जनमन योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए जिले के समस्त विकासखंडों के विशेष पिछे ी जनजाति बहुल बसाहटों में रहने वाले 13 हजार से ज्यादा पीवीटीजी परिवारों को 11 महत्वपूर्ण योजनाओं के लाभ दिलाए जाने के लिए विशेष आधार शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में नए आधार कार्ड बनाने और पुराने आधार के अपग्रेडेशन दोनों काम जारी हैं। इसी तारतम्य में हितग्राहियों के शत प्रतिशत आधार कार्ड बनाने हेतु शुक्रवार से आधार कार्ड शिविर शुरू किए गए हैं। यह शिविर 12 जनवरी तक आयोजित होंगे। ग्राम पंचायतों में सभी चयनित शिविर स्थल में आधार कार्ड बनाने वाले आपरेटरों की नामजद ड्यूटी लगाई गई है। विशेष पिछे ी जनजाति समुदाय के लोगों द्वारा शिविर स्थल पर पहुंच कर अपने बच्चों एवं परिवार के सदस्यों का आधार कार्ड बनवाया गया जिसमें 278 आधार कार्ड बनाए गए।

### यहां होंगे शिविर

6 जनवरी को अम्बिकापुर के खाला, मानिकप्रकाशपुर और कांति प्रकाशपुर के लिए खाला पंचायत भवन, 7 और 8 जनवरी को सखोली, आमादरहा और मोहनपुर के लिए पंचायत भवन सखौली, 09 और 10 जनवरी को बे ादमाली के लिए पंचायत भवन बे ादमाली और 11 और 12 जनवरी पंपापुर के लिए पंचायत भवन पंपापुर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इसी तरह आगामी 06 और 07 जनवरी को लखनपुर के बेलदगी, लोसंगा, के लिए संबंधित पंचायत भवन में शिविर रहेगा। 05 जनवरी को उदयपुर के बुले पंचायत भवन में शिविर आयोजित किया गया। आगामी 06 और 07 जनवरी को लुण्ड्रा के किरकिमा, सपे ा, सहनपुर, रीरी, घघरी, कोइलारी, गुजरवार, अगासी, और नागम के लिए पंचायत भवन किरकिमा में, कर्रा, बबौली, रघुपुर, बिल्हमा, कुदर, चंगोरी, जोरी के लिए पंचायत भवन कर्रा, डुमरडीह, छेरमुण्डा, आसनडीह, रवई, ककनी, चितरपुर के लिए डुमरडीह मेलाडांड के पास, गेरसा, जराकेला, जामडीह, कोरधा, उरदरा, खाराकोना, महोरा, ससौली के लिए पंचायत भवन गेरसा के पास, सुमेरपुर, लालमाटी, पुरकेला, जरहाडीह, असकला, सिलसिला, लमगांव, उंचडीह, बटवाही के लिए पंचायत भवन के पास सुमेरपुर, कुन्दीकला, केपी, डकई, सेमरडीह, जमे ी, कोरिमा के लिए कुन्दीकला पंचायत भवन के पास, और चिरगा, उदारी, डहौली, करेसर, खालपो ी, सखैली, करौली, बरडीह, डुमकी के लिए चिरगा पंचायत भवन के पास शिविर आयोजित होंगे। जनपद पंचायत बतौली के ग्राम गोविंदपुर, सुवारपारा, चिपरकाया के लिए पंचायत भवन गोविंदपुर, बासाझाल, टीरग, सलेयाडीह के लिए पंचायत भवन बासाझाल, करदना, चिरगा, भटको के लिए मा.शा. पहो चिरगा, सरनमा, बीरीमकेला, नकना, के लिए पंचायत भवन बीरीमकेला, गहीला, कालीपुर, मानपुर, घेघरा के लिए पंचायत भवन मानपुर में शिविर होंगे। जनपद पंचायत सीतापुर के ग्राम देवगे के लिए राजाआटा, जामझरिया के लिए घुटियाडांड, जनपद पंचायत मैनपाट के ग्राम कुनिया, कलजीवा के लिए पंचायत भवन कुनिया, असकरा के लिए पंचायत भवन असकरा, कतकालो, रजखेता के लिए पंचायत भवन रजखेता, कोट के लिए प्रा.शा. कोट, और सुपलगा के लिए पंचायत भवन सुपलगा में शिविर का आयोजन किया गया है। आगामी 8 और 9 जनवरी को जनपद पंचायत सीतापुर के ग्राम गेरसा के लिए कोरवापारा और बंशीपुर के लिए पण्डरापाठ में शिविर का आयोजन किया गया है।

## निर्माणधीन स्टाफ डेम में डूबने से वृद्ध की हुई मौत,जांच में जुटी पुलिस



**- संवाददाता -**
**लखनपुर,05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुहपुट्रा पण्डोपारा स्थित निर्माण दिन स्टाफ डेम में डूबने से 65 वर्षीय वृद्धि की मौत हो गई। मर्ग कायम करते हुए पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिव प्रसाद गोंड पिता स्वर्गीय शोभित गोंड ग्राम पुहपुत्रा पण्डोपारा निवासी जो 4 जनवरी की रात अपनी पत्नी को शौचालय जा रहा हूं कहकर घर से निकला जिसके बाद वह घर नही लौटा 5 जनवरी की सुबह घर से सौ मीटर की दूरी पर खेखरा नाला में निर्माणधीन स्टाफ डेम में तैरता हुआ शव देखा गया। इसकी सूचना लखनपुर पुलिस को दी गई लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंचे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलते हुए पंचनामा कार्रवाई कर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। वहीं शाम होने के कारण शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका।

## सेंट पीटर्सबर्ग का तापमान 74 साल के निचले स्तर पर

**सेंट पीटर्सबर्ग ,05 जनवरी 2023।** रूस के दूसरे सबसे बड़े शहर सेंट पीटर्सबर्ग में तापमान-25.3 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है,शहर के मुख्य मौसम पूर्वानुमानकर्ता अलेक्जेंडर कोलेसोव ने बताया कि शहर में 74 वर्षों में इतनी ठंड नहीं देखी गई।



पिछ्ला रिकॉर्ड 4 जनवरी 1950 से कायम था, जब लेनिनग्राद में तापमान -25.1 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था।

कोलेसोव ने बताया कि गुरुवार को पूरे सेंट पीटर्सबर्ग में तापमान -25 डिग्री सेल्सियस था, शहर के दक्षिणी और पूर्वी इलाकों में तापमान -28 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। लेनिनग्राद ओब्लास्ट के उत्तरपूर्वी हिस्से में तापमान -36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

# पंचायत सचिव से गाली-गलौज व बाइक में तोडफोड़ मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**लखनपुर, 05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तराजू में एक ग्रामीण के द्वारा अपने ही ग्राम पंचायत सचिव के मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ करते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई थी जिसे लेकर पंचायत सचिव के द्वारा लखनपुर थाने पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराने आवेदन दिया गया लखनपुर पुलिस रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम जरहाडीह थाना उदयपुर निवासी दीनानाथ सिंह जो वर्तमान में लखनपुर जनपद क्षेत्र के ग्राम तराजू में पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ हैं। 3 जनवरी दिन बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस सूची प्रधानमंत्री न्याय अभियान अंतर्गत हितग्राहियों के पात्रता परीक्षण के दौरान गांव के ही देवकुमार सिंह पिता बालरूप सिंह के द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए पंचायत सचिव के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए पंचायत सचिव के मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 16 छ्रन्न 7898 में तोड़फोड़ करते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। पंचायत सचिव लखनपुर थाना पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराने आवेदन दिए लखनपुर पुलिस धारा 294 506 353 427 के तहत अपराध पंजीकृत करते हुए। 24 घंटे के भीतर लखनपुर पुलिस के द्वारा आरोपी पूर्व सरपंच बाल रूप सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है।



CMYK

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में संयुक्त सचिव हुए शामिल

## संयुक्त सचिव ने किया स्टॉल का अवलोकन,हितग्राहियों से की चर्चा...प्रकृति ने कोरिया को खूबसूरती से नवाजा है:अनुपम मिश्रा

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर ,05 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

भारत सरकार के संयुक्त सचिव अनुपम मिश्र विकसित भारत संकल्प यात्रा से रूबरू होने कोरिया जिले के प्रवास पर हैं।

उन्होंने सोनहत विकासखण्ड के ग्राम सलगवां में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शिरकत किए। ग्रामवासियों ने पारम्परिक कर्मा नृत्य से भारत सरकार में उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार में संयुक्त सचिव व कोरिया, एमसीबी जिले में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी श्री अनुपम मिश्रा का स्वागत किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचकर हितग्राहियों से रूबरू होकर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने शिविरों में लगे स्टॉल का अवलोकन करते हुए विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से चर्चा की।





श्री मिश्रा ने शिविर में मोदी की गारंटी वाली प्रचार रथ का भी अवलोकन किया। अनुविभागीय अधिकारी श्री साहू ने बताया कि विकासखंड में निर्धारित रूट के अनुसार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जो आगामी 9 जनवरी तक चलेगा। शिविरों में उज्ज्वला योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को फॉर्म भरवाए जा रहे हैं एवं उसका लाभ भी दिलाया जा रहा है। इसी तरह आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड भी शिविर के दौरान ही बनाए जा रहे हैं और उनका वितरण किया जा रहा है।

श्री मिश्रा ने स्टॉल अवलोकन के दौरान विभिन्न हितग्राहियों से चर्चा भी की। ग्राम पोड़ी की साक्षर महिला स्व सहायता समूह के श्रीमती रनिया चेरवा से चर्चा की और उनके बैंक लिंकेज, लाभ,



उत्पादन आदि की विस्तार से जानकारी ली। श्रीमती रनिया ने बताया कि बीसी सखी के तहत उन्हें अब हर माह 15 से 20 हजार रुपए तक का लाभ मिल रहा और वे राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाने में भी सफल हुई है।

मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत किसान श्याम लाल ने बताया कि किसान सम्मान निधि के तहत उन्हें हर साल 6 हजार रुपए मिलने से उनकी आर्थिक सिथित मजबूत हुई है।

नोडल अधिकारी अनुपम मिश्र ने ग्राम सलगवां के नेहा राजवाड़े को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर, कृष्ण सोनवानी को आयुष्मान कार्ड, ग्राम पंचायत सलगवां के सरपंच को अभिनन्दन पत्र भी प्रदान किया।

श्री मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि कोरिया को प्रकृति ने बहुत ही खूबसूरती से गढ़ा है। आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उन्होंने इस खूबसूरत धरा को देखने का अवसर मिला। हितग्राहियों से अपील करते हुए की सरकार की योजनाओं का लाभ लें और अपने परिचितों को भी योजनाओं के बारे में अवगत कराने का आग्रह किया।

सोनहत विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सलगवां में आयोजित विकास भारत संकल्प यात्रा का जायजा लिया। इस दौरान सोनहत विकासखंड के अनुविभागीय अधिकारी श्री राकेश साहू, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती सोनिया राजवाड़े, रामप्रताप मरावी, श्वेता सिंह, शिव कुमारी, जनपद सीईओ अलेक्जेंडर पन्ना, जनप्रतिनिधि ईश्वर राजवाड़े, प्रकाश राजवाड़े, उपसरपंच मेही लाल, नवरतन पांडे, मनोज साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़ ,05 जनवरी 2024
(घटती-घटना)। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा के द्वारा 04 जनवरी 2024 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद गुप्ता को खाद्य प्रतिष्ठानों के सघन निरीक्षण के निर्देश दिये गये थे। जिसके परिपालन में खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी द्वारा जिले के विभिन्न खाद्यान्न एवं अमानक, गुणवत्ताविहीन खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये गये। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के समस्त मिठाई दुकानों व अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का सतत् एवं सघन निरीक्षण किया गया। मिलावट की आशंका के मद्देनजर वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता व टीम द्वारा मेसर्स राहुल स्वीट्स, झगराखाण्ड, पेड़ा भण्डार, मनेन्द्रगढ़, हजारी होटल, गांधी चौक, मनेन्द्रगढ़, हनुमान डेयरी, सिंह डेयरी, बावर्ची बिरयानी सेंटर का निरीक्षण किया गया। अवमानक एवं अपमिश्रण की शंका पर जया डेयरी, मनेन्द्रगढ़ से भैंस का दूध, पैराडाईज फूड पॉइंट, मनेन्द्रगढ़ से वेज बिरयानी व लकी एजेन्सी मनेन्द्रगढ़ से एल्पेनलिबे जूसी फिल्स टॉफी का विधिक नमूना जब्त कर परीक्षण, विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजा गया है।

# साय सरकार बताए कि बंदूकों के साए में हो रही हसदेव जंगल की कटाई कब बंद होगी ?: नागेश्वर

-संवाददाता-
कोरिया,05 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

भारतीय युवा कांग्रेस जिला महासचिव नागेश्वर यादव ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की तथाकथित डबल इंजन की सरकार बनते ही हंसदेव अरण्य क्षेत्र में जंगल की कटाई अचानक तेज गति से शुरू हो गई है, आदिवासी मुख्यमंत्री और आदी वासी अधिकारों का ढोंग करने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का असली चेहरा स्पष्ट तौर पर सामने आ चुका है। छत्तीसगढ़ में जब भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में थी,तब यह पूर्ववर्ती सरकार पर तथ्यहीन आरोप लगाया करते थे,जबकि असलियत यह है कि भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत कॉल खनन विशुद्ध रूप से केंद्र सूची का विषय है,कॉल ब्लॉक आवंटन के लिए आवेदन की प्रक्रिया से लेकर अंतिम आदेश तक केंद्र की सरकार तय करती है,2014 से लेकर 2018 के बीच जब केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी तब भी आदिवासियों के साथ सबसे ज्यादा अत्याचार हुए नंदराज पर्वत अदानी को बेचा गया जिसके लिए ग्राम सभा की तथा कथित की कूटचरित्र दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से दी गई थी केवल मोदी के मित्र के मुनाफे के लिए छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान,आत्म सम्मान और जन अधिकार को कुचलने का कुत्सित प्रयास निंदनीय है, विष्णु देव साय की भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक बार फिर कारपोरेट लूट का चारागाह बना दिया है। युवा कांग्रेस जिला महासचिव नागेश्वर यादव ने कहा



है कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने हसदेव अरण्य के पांच कोल ब्लॉक आवंटन रद्द करने 26 जुलाई 2022 को विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर केन्द्र को भेजा है, उसे पर मोदी सरकार आज तक क्यों मौन है,देश के इतिहास में पहली बार कमर्शियल माइनिंग मोदी सरकार में शुरू हुआ, कोल इंडिया लिमिटेड और एसईसीएल जैसे सार्वजनिक उपक्रमों नवरत्न कंपनियों के खदान अदानी को किसने हस्तांतरित किया? एसईसीएल जो कोयला उत्खनन की सबसे पुरानी और अनुभवी सरकारी कंपनी है, वह किसके दबाव में अब अदानी से खनन करवा रही है जब केंद्र में यूपीए की सरकार थी, और जयराम रमेश केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री थे, तब देश के दर्जनों क्षेत्र जो अति महत्वपूर्ण जैव विविधता संपन्न माने गए उन्हें सुरक्षित रखना नो गों एरिया घोषित किया गया था, उसमें छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य और ÷तमोर पिंगला÷ का क्षेत्र भी था जहां से 10 किलोमीटर तक खनन गतिविधियां प्रतिबंधित की गई थी, उसे नो गो को एरिया को संकुचित करके हसदेव अरण्य तमोर पिंगला में खदानें मोदी सरकार ने शुरू की।

### पर्यावरण स्वीकृति रद्द कर वन कटाई पर रोक लगाया था

नागेश्वर यादव ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने हसदेव में पर्यावरण स्वीकृति रद्द कर वन कटाई पर रोक लगाया था, विगत एक महीना के दौरान लाखों की संख्या में पेड़ काटे जा चुके हैं, यहां पर कटाई के लिए आदेश और पर्यावरण स्वीकृति केंद्र की मोदी सरकार ने दिया है,जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने इसे निरस्त करने की कार्यवाही की थी 31 अक्टूबर 2022 को इस संदर्भ में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर सचिव ने भारत सरकार के वन महानिरीक्षक को पत्र लिखकर परसा ओपन कास्ट कोल माइंस जो उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने तथा वन कटाई के प्रस्ताव को निरस्त करने कहा था, उक्त संदर्भ में विधानसभा से भी कांग्रेस की सरकार ने इस आशय का प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजा है।जिसमें आज तक मोदी सरकार ने अंतिम आदेश नहीं दिया है,छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा पर भरोसा कर डबल इंजन की सरकार बनाई है, भारतीय जनता पार्टी को सरगुजा संभाग की सभी सीटों पर निर्वाचित होने का अवसर मिला है, अब भाजपाई बताएं कि सेंट्रल इंडिया का फेफड़ा कहे जाने वाले हरदेव अरण्य क्षेत्र की कटाई को कब छत्तीसगढ़ की साय सरकार रोकेगी।

# भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह के अपील का दिखा असर

## कार्यकर्ताओं ने विधायक के जन्मदिन पर छात्रों को बांटे कॉपी-किताब



-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़ 05 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र से विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह द्वारा दो दिन पहले सोशल मीडिया के माध्यम से की गई अपील का असर देखने को मिलने लगा है। भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत खोंगापानी के सरकारी स्कूल में जाकर बच्चों को कॉपी व किताब वितरण किया। इस दौरान भाजपाइयो ने विधायक द्वारा जनता से की गई अपील को लोगों से आत्मसात करने का आग्रह किया गया वहीं इस अपील के महत्व से छात्रों को अवगत कराया गया। गौरतलब है कि रेणुका सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से यह अपील की थी कि जब भी मुझसे मिलने आये बुके नहीं बुक लेकर आये।



भरतपुर सोनहत विधायक ने यह अपील प्रदेश के मुख्यमंत्री के उस अपील के बाद की थी जो उन्होंने इस अपील के तौर पर की थी की उनसे मिलने वाले बुके न लेकर आएं बल्कि एक फूल लेकर आएं। मुख्यमंत्री की अपील के बाद भरतपुर सोनहत विधायक ने अपनी तरफ से यह अपील कर दी है की उनसे मिलने आने वाले फूलों का गुलदस्ता लेकर आने की बजाए कॉपी किताब लेकर आएं जो वह क्षेत्र के उन नौनिहालों को बाटेंगी जो कापी किताब के अभाव में पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। अब उनकी अपील का असर दिखने लगा है जो उनके जन्मदिवस के अवसर पर देखने को मिला जब समर्थकों ने कापी किताब बांटकर उनका जन्मदिवस यादगार बनाया।

### कॉपी-किताब लेकर आने की अपील छात्र हित में साबित होगी लाभकारी अपील

भरतपुर सोनहत विधायक की मुलाकात करने वालों से की गई यह अपील की वह फूलों के गुलदस्ते की जगह कॉपी किताब लेकर उनसे भेंट करने आएं जिससे उनके क्षेत्र में ज्ञान का प्रकाश फैलाया जा सके यह अपील छात्र हित में लाभकारी अपील साबित होगी। अब विधायक से मिलने जाने वाले लोग जब कॉपी किताब लेकर जाएंगे तो इस माध्यम से विधायक के पास छात्रों को बांटने के लिए बहुत सारी किताब कॉपियां इकट्ठी हो जायेगी जो छात्रों को मिल सकेंगी और उनके अध्ययन में वह काम आएंगी।

### विधायक के इस प्रयास से शिक्षा ग्रहण कर रहे अभावग्रस्त छात्र छात्राओं को मिलेगी मदद

विधायक भरतपुर सोनहत के इस प्रयास से उनके क्षेत्र के आभाव ग्रस्त उन छात्र छात्राओं को मदद मिल सकेगी जिनके पास कॉपी किताब खरीदने के लिए संसाधनों का अभाव है। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से वैसे भी भेंट मुलाकात करने वालों की संख्या अधिक रहती है और यदि सभी विधायक की अपील को ध्यान में रखकर विधायक के पास कॉपी किताब लेकर जाएंगे निश्चित ही बड़े छात्र समूह को एक सहयोग मिल सकेगा।

### विधायक ने की थी यह अपील

भरतपुर सोनहत विधायक ने यह अपील की थी की उनसे मिलने आने वाले फूलों का गुलदस्ता लेकर न आएं उसकी जगह कॉपी किताब लेकर आएं। इस अपील में उन्होंने ज्ञान का उजियारा फैलाने का उल्लेख करते हुए कहा लिखा था कि, दो दशक के राजनीतिक जीवन में मैंने देखा है जब भी लोग मिलने के लिए आते है, तो साथ में बुके (फूलों का गुलदस्ता) लेकर आते हैं। लेकिन, उनके जाने के कुछ देर बाद ही ये मुरझा जाते है। इसलिए मेरा यह मानना है कि आप मुझसे अब जब भी मिलने आएं तो कृपया फूल या बुके लेकर न आएं। उसकी जगह विद्यार्थियों के लिए उपयोगी किताबें या स्टेशनरी (कॉपी-कलम आदि) लेकर आए मेरा विधानसभा क्षेत्र भरतपुर सोनहत क्षेत्रफल के लिहाज से प्रदेश का सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र है। यहां शिक्षा का स्तर बढाने की जरूरत है। जो बच्चे किताब कॉपी या संसाधनों की कमी की वजह से पढाई नहीं कर पाते हैं उनके लिए यह सहयोग है जो आपको हमको और हम सबको करना चाहिए जिससे किसी की पढाई संसाधन के अभाव में अधूरी न रह जाए। मैं आप सब से अपील करती हूं कि, आइए, हम साथ मिलकर ज्ञान का प्रकाश फैलाएं। और जरूरतमंदों के सहयोग में एक छोटी सी सहभागिता हम सबकी हो।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आयोजित की गई प्रेसवार्ता



-संवाददाता-
सूरजपुर,05 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

पदभार ग्रहण करते ही कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा आज जिला संयुक्त कार्यालय की सभाकक्ष में लोकसभा चुनाव को मद्देनजर नजर रखते हुए पत्रकार बंधुओं के साथ प्रेसवार्ता रखी गई थी। जिसमें कलेक्टर ने अपना परिचय देते हुए निर्वाचन से संबंधित जानकारियां पत्रकार बंधुओ के बीच साझा की।

जिसमें उपस्थित जनों को बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 के संबंध में पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा की गई है। 01 जनवरी 2024 के संबंध में दिनांक 06 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का प्रांरमिक प्रकाशन सूरजपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केन्द्रों में किया जायेगा। 06 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किये जाने के उपरांत 06 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक दावा आपत्ति सभी मतदान केन्द्रों में प्राप्त की जायेगी। दावा आपत्ति प्राप्त करने की अवधि के दौरान दिनांक 13 जनवरी 2024 एवं 14 जनवरी 2024 को मतदान केन्द्र स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। 06 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक प्राप्त दावा आपत्ति का 02 फरवरी 2024 तक निराकरण किया जाना है। आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 08 फरवरी 2024 को किया जायेगा। बैठक में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम और प्रपत्रों के निष्पादन आदि के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही मतदाता सूची का प्रदर्शन व शुद्ध बनाने के लिए उठाये जा रहे कदमो से भी उपस्थित जनों को अवगत कराया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### सूरजपुर के नवनियुक्त कलेक्टर रोहित व्यास ने संभाला पदभार



आईएएस रोहित व्यास के रूप में जिले को मिला 9 वें कलेक्टर। आज कलेक्टर रोहित व्यास ने पदभार ग्रहण कर सूरजपुर जिले की कमान संभाली। पदभार संभालते ही कलेक्टर ने जिला संयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में जिले के विभाग प्रमुख व संबंधित अन्य अधिकारियों से परिचय किया। इसके साथ ही उन्होंने आशा जताई कि जिले का पूरा प्रशासनिक अमला बेहतर समन्वय स्थापित कर सूरजपुर को विकास की नई दिशा देगा। उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी प्रशासनिक सेवक है और प्रशासनिक सेवक होने के नाते लोगों की समस्याओं का समाधान करना और लोकहित व जनहित में कार्य करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

# हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
सूरजपुर,05 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

विगत गुरूवार को ग्राम पोड़ी निवासी बीरा बाई पति स्व. राजेश गोंड़ ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि पति राजेश के साथ अपने मायके में रहती थी,पति अपने ससुराल में घर जमाई बन कर रह रहा था, हम दोनों का कोई संतान नहीं है जिस कारण यह अपने चचेरा भाई चमन सिंह के 5 वर्षीय पुत्री को लेकर 4-5 दिन से बिना बताए अपने ससुराल मंहगई चली गई थी, दिनांक 03.01.24 को अपने घर वापस आई तब चमन सिंह अपनी चचेरी बहन बीरा के पास जाकर यह कहते हुए कि तुम बिना बताए मेरी लड़की को कैसे ले गए कहते हुए गाली-गलौज करते हुए लकड़ी के बने हटका से मारपीट किया तब राजेश अपनी पत्नी को बीच-बचाव करने गया तब चमन ने राजेश को भी उसी



लकड़ी के हटका से मारकर गंभीर चोट पहुंचाया जिस कारण वह बेहोश होकर गिर गया और उसकी मृत्यु हो गई। प्रार्थियां की रिपोर्ट थाना सूरजपुर में अपराध क्रमांक 05/24 धारा 302, 294, 323 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने प्रकरण के आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना सूरजपुर पुलिस ने विवेचना के दौरान दबिश देकर आरोपी चमन सिंह पिता बिहारी लाल उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पोड़ी उपरपारा, थाना सूरजपुर को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाजरब जप्त कर उसे गिरफ्तार किया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एसआई संतोष सिंह, पियुष चन्द्राकार, प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालिब शेख, विवेकानंद सिंह, राहुल गुप्ता, अदीप प्रताप सिंह, आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे व हरिशंकर सिंह सक्रिय रहे।

साइबर सेल कोरबा और सिविल लाइन रामपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# पुलिस ने तीन आरोपियों को चोरी के मामले में किया गिरफ्तार



-संवाददाता-
**कोरबा,05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
प्रार्थी विभांशु एस.सिंह.,पिता स्व.-कल्याण सिह गोड़,उम्र- 42 वर्ष, पता-क्वा. नंबर एनसी/34 सीएसईबी कॉलोनी,थाना- सिविल लाईन रामपुर, कोरबा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 31.12.2023 को रात्रि लगभग 09.00 बजे से 12.00 बजे के मध्य किसी अज्ञात चोर के द्वारा उसके सीएसईबी कॉलोनी कोरबा पूर्व स्थित क्वा0 नं0 एनसी/34 के पीछले दरवाजा को धक्का देकर खोलकर घर के अंदर घुसकर चोरी किया गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 05/2024 धारा 457, 380, 34 भादवि कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। चोरी की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के पर्यवेक्षण में त्वरित कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारी सिविल लाइन रामपुर निरीक्षक किरण गुप्ता एवं साइबर सेल प्रभारी कोरबा सउनि अजय सोनवानी के नेतृत्व में अधिनस्थ स्टाफ के साथ विशेष टीम तैयार कर आरोपियों की पताशाजी की जा रही थी। मुखबीर से सूचना मिली कि एक लड़का अपने पास चांदी का पायल और नगद पैसा लेकर घूम रहा है और पायल को बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है कि सूचना पर मौके पर जाकर घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया। जिसने दो अन्य साथियों के साथ चोरी करना स्वीकार किया। योगेश्वर और देव प्रसाद के साथ मिलकर इंदिरा चौक के पास सीएसईबी का एक क्वाटर में चोरी करना बताया गया। योगेश्वर विश्वकर्मा उर्फ चंटी पिता रामकुमार विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष पता-आजाद चौक आरा मशीन थाना सिविल लाईन रामपुर, देव प्रसाद पिता स्व. तुलसी राम साहू उम्र 29 वर्ष पता-आजाद चौक आरामशीन थाना सिविल लाईन रामपुर को पकड़कर पूछताछ किया गया। आरोपी योगेश्वर विश्वकर्मा के कब्जे से एक जोड़ी चांदी पायल नगद रुपए और आरोपी देव प्रसाद साहू के कब्जे से एक नग चांदी का पायल एवं नगद 2000 रुपए बरामद कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपीगण योगेश्वर विश्वकर्मा, देव प्रसाद व अपचारी बालक के खिलाफ अपराध धारा सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# संस्कृति,सभ्यता और विरासत सहेजने से ही हो पाएगा विकास:श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च




-संवाददाता-
**कोरबा 05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
देश में सनातन धर्म के प्रति अब लोग ज्यादा जागरूक हो रहे हैं, इसलिए भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग अच्छे स्तर पर पहुंच गई है। अब देश में अध्यात्म की राह में लोग बढ़ रहे हैं। सनातन धर्म की संस्कृति, सभ्यता और विरासत सहेजने से ही सबका विकास होगा। उक्त विचार श्रीधाम वृंदावन के रसिक भागवताचार्य श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च ने कोरबा प्रेस क्लब में आयोजन प्रेस वार्ता के दौरान व्यक्त की। वे शहर के रविशंकर शुक्ल नगर के चिल्ड्रन पार्क ग्राउंड में श्रीहित सहचरी सेवा समिति द्वारा दूसरे वर्ष आयोजित श्रीमद् भागवत कथा रसोत्सव में कथा का रसास्वादन कराने पहुंचे हैं। श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च जी ने बताया कि 04 जनवरी से 11 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 3.30 से शाम 6.30 बजे तक चलने वाले श्रीमद् भागवत कथा रसोत्सव में पहले दिन कल गुरुवार को शोभायात्रा निकाली गई। वहीं शुक्रवार से कथा का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि वृद्धावन में उनकी संस्था कन्या विवाह समेत अन्य मानव व समाज सेवा से जुड़े आयोजन करती है। सनातन धर्म के बारे में प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि देश में गीता प्रेस गोरखपुर का पुस्तक के जरिए सनातन धर्म के प्रति प्रचार प्रसार में अहम योगदान रहा है, दूसरा आरएसएस द्वारा व्यापाक रूप से प्रचार किया गया जिसका परिणाम अब देखने को मिल रहा है। पूर्व में धर्माचार्य द्वारा व्यापक प्रचार करना था लेकिन नहीं किया गया, परंतु अब देश के हर कोने कोने में भक्तिमय कार्यक्रम के दौरान धर्माचार्य सनातन हिंदुत्व का प्रचार कर रहे हैं। लोग जागरूक हुए तो अब धर्मांतरण में कमी आ रही है। दूसरे धर्मों में गए लोग वापस अपने धर्म में वापसी कर रहे हैं।उन्होंने आगे होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी ।

## कब और क्या आयोजन होगा

कथा प्रारम्भ-04 से 11 जनवरी 2024,कथा समय-दोप.03:30 बजे से 6:30 बजे तक। 04 जनवरी 2024,गुरुवार प्रातः 12 बजे से भव्य शोभा यात्रा,05 जनवरी 2024, शुक्रवारश्रीम? द्भागवत माहात्म्य प्रसंग,सूत शौनकादिक मुनि संवाद,06 जनवरी 2024, शनिवार श्रीम? द्भागवत रचना, देवऋषि नारद, पूर्वजन्म प्रसंग, कुन्ती स्तुति भीष्म स्तुति, राजा परीक्षित जन्म, शुकदेव मुनि आगमन,07 जनवरी 2024, रविवार कपिल देवहुति संवाद, धुव चरित्र, जड़भरत चरित्र भारत महिमा वर्णन, प्रह्लाद चरित्र एवं नृसिंह अवतार,08 जनवरी 2024, सोमवार गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम अवतार, श्रीकृष्ण जन्म एवं नन्दोत्सव,09 जनवरी 2024, मंगलवार श्री राधा जन्म, श्रीकृष्ण बाल लीलायें, श्री गोवर्धन पूजन एवं छप्पनभोग,10 जनवरी 2024, बुधवार रासपंचाध्यायी (श्री महारासलीला) मथुरा गमन, कंसवध उद्धव-गोपी संवाद एवं श्रीकृष्ण-रुक्मिणी मंगल विवाह प्रसंग,11 जनवरी 2024, गुरुवार सुदामा चरित्र, कृष्ण-उद्धव संवाद, श्रीशुकदेव पूजन, श्रीमद्भागवत संक्षिप्त विषय अनुक्रमिका एवं संकीर्तन,12 जनवरी 2024, शुक्रवार- प्रभात फेरी प्रातः 6 बजे से,विशाल भण्डारा।

# नवपदस्थ सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र ने पदभार किया ग्रहण



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।,**
नवपदस्थ सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र ने शुक्रवार 05 जनवरी 2023 को आयुक्त कार्यालय सरगुजा में विधिवत पदभार ग्रहण किया। वे 2003 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। आयुक्त कार्यालय में उनका हार्दिक स्वागत किया गया। इस दौरान उपायुक्त महावीर राम उपस्थित रहे। जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर संभागायुक्त का स्वागत किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार, सीईओ जिला पंचायत नूतन कुमार कंवर, अपर कलेक्टर सुनील नायक, एसडीएम अम्बिकापुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। नवपदस्थ सरगुजा संभागायुक्त चुरेंद्र इससे पूर्व सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के पद पर पदस्थ रहे। हाल ही में राज्य शासन द्वारा जारी स्थानांतरण अनुसार सरगुजा संभाग के नये संभाग आयुक्त के रुप में चुरेंद्र को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

### संभागीय अधिकारियों की ली बैठक

संभागायुक्त चुरेंद्र ने पदभार ग्रहण करते ही आयुक्त कार्यालय का निरीक्षण किया और अधिकारियों कर्मचारियों से परिचय लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय और दस्तावेजों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए जिससे किसी तरह की असुविधा ना हो। इसके बाद उन्होंने संभागीय अधिकारियों से परिचयात्मक बैठक भी की। उन्होंने संभागीय अधिकारियों से संभाग में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और बेहतर काम करने शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समस्त विभागों के संभागीय अधिकारी और आयुक्त कार्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पत्थलगांव से कुनकुरी तक एनएच 43 फोर लेन सड़क निर्माण कार्य शीघ्र होगी पूर्ण

-संवाददाता-
**जशपुर,05 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
पत्थलगांव से कुनकुरी के बीच निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में आवागमन करने वाले आमनागरिको कि समस्याएं शीघ्र ही दूर होंगी। से क पर उन्हें हिचगोले खाते नहीं गुजरना पे`गा और न ही कही आने जाने में अपना कीमती समय बर्बाद करना पे`गा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश के पश्चात पत्थलगांव से कुनकुरी के बीच से कों के कार्यो को तेजी से पूरा किया जा रहा है।



मजदूरों की संख्या बे ाई गई है। से क निर्माण कार्य कराने वाली कंपनी को भी इस संबंध में के` निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के पश्चात कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल द्वारा भी से क के कार्यो का निरीक्षण कर हर दिन के कार्यो की समीक्षा की जा रही है।

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड)
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
ए– 23,सेक्टर – 62 ,(संस्थागत क्षेत्र), नोएडा – 201309 (उ.प्र.)
स्वरोजगार हेतु उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम
अपना व्यवसाय शुरु करने का सुनहरा अवसर
अहर्ता: 18 से 50 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार/ड्रॉप आउट
सीमित सीटें – 100 प्रतिभागियों का चयन -08/01/2024
स्थान- एम.आर.एफ टायर एजेंसी के बगल में,सराईपाली,जिला- महासमुन्द्र,छत्तीसगढ़
मो.नं.-9039963500,पिन कोड- 493554
प्रवर्तक : कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
(आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरुकता (संकल्प)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:- कॉर्स निर्देशक – दीपिका शर्मा , मों. 6265011768
Email- dipika.sharma2@gmail.com

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड)
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
ए– 23,सेक्टर – 62 ,(संस्थागत क्षेत्र), नोएडा – 201309 (उ.प्र.)
स्वरोजगार हेतु उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम (फैशन डिजाइन)
अपना व्यवसाय शुरु करने का सुनहरा अवसर
अहर्ता: 18 से 50 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार/ड्रॉप आउट
सीमित सीटें – 60 । प्रतिभागियों का चयन - 08/01/2024
महासमुन्द्र,सिविल कोर्ट के सामने,बसना रोड,जिला-महासमुन्द्र,छत्तीसगढ़
मो.नं.-9753322433,पिन कोड- 493554
प्रवर्तक : कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
(आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरुकता (संकल्प)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:- कॉर्स निर्देशक – दीपिका शर्मा , मों. 6265011768
Email- dipika.sharma2@gmail.com

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड)
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
ए– 23,सेक्टर – 62 ,(संस्थागत क्षेत्र), नोएडा – 201309 (उ.प्र.)
स्वरोजगार हेतु उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम
अपना व्यवसाय शुरु करने का सुनहरा अवसर
अहर्ता: 18 से 50 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार/ड्रॉप आउट
सीमित सीटें – 100 प्रतिभागियों का चयन -08/01/2024
महासमुन्द्र,सिविल कोर्ट के सामने,बसना रोड,जिला-महासमुन्द्र,छत्तीसगढ़
मो.नं.-9093996350,पिन कोड- 493554
प्रवर्तक : कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
(आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरुकता (संकल्प)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:- कॉर्स निर्देशक – दीपिका शर्मा , मों. 6265011768
Email- dipika.sharma2@gmail.com

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग.**

रा0प्र0क्र0-..../अ-6/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंकज अग्रवाल आ0 स्व0 बजरंग अग्रवाल निवासी सदर रोड अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा मोहल्ला जूना गद्दीपारा नगर अम्बिकापुर शीट नंबर-8 स्थित नजूल भू-खण्ड प्लाट नंबर 2917/8, 2938/8 रकबा क्रमशः 0.02, 0.01 डिसमिल भूमि/मकान के खातेदार हरदेव दास की दिनांक 01.11.1983 को मृत्यु हो जाने के कारण आवेदक ने पारिवारिक व्यवस्था के अनुसार वादभूमि पर फौती नामांतरण में अपना नाम दर्ज कराने हेतु संहिता की धारा 109,110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मेन्टनेन्स खसरा, एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, की छायाप्रति पेश की गई है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 24/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग.**

रा0प्र0क्र0-..../अ-6/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशन जिंदिया आ0 संजय जिंदिया जाति अग्रवाल निवासी हाऊस नंबर -4 नेहरू वार्ड रोड सूरजपुर थाना व तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा मोहल्ला सदर रोड नगर अम्बिकापुर शीट नंबर -8 स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 2854/5 रकबा 0.005 हे0 भूमि को पंजीबद्ध बिक्रय पत्र दिनांक 03.03.2023 के माध्यम से बिक्रेता श्रीमती संतोष देवी पत्नी सुरेश कुमार गर्ग निवासी केतता रोड नेहरू पार्क के पीछे सूरजपुर तहसील सूरजपुर छ0ग0 के क्रय करने के कारण अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 22/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी सूरजपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग.**

रा0प्र0क्र0-..../अ-6/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशन जिंदिया आ0 संजय जिंदिया जाति अग्रवाल निवासी हाऊस नंबर -4 नेहरू वार्ड रोड सूरजपुर थाना व तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा मोहल्ला सदर रोड नगर अम्बिकापुर शीट नंबर -8 स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 2854/6 रकबा 0.004 हे0 भूमि को पंजीबद्ध बिक्रय पत्र दिनांक 03.03.2023 के माध्यम से बिक्रेता श्रीमती कलावती देवी पत्नी सुरेन्द्र गर्ग जाती अग्रवाल निवासी सदर रोड अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 से क्रय करने के कारण अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 22/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी सूरजपुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापु,जिला सरगुजा,छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्दन साहा आ0 रामनारायण साहा जाति तेली निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मणीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा खसरा नंबर 67/9 रकबा 0.016 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1 खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 18/01/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर काई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/01/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्ष से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा)अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापु,जिला सरगुजा,छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार साहू आ0 मुन्ना साहू जाति तेली निवासी मणीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मणीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा खसरा नंबर 184/8 रकबा 0.040 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1 खसरा, नक्शा, भूमिउपयोगिता प्रमाण-पत्र, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 18/01/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर काई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/01/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्ष से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा)अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापरु,जिला सरगुजा,छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विवेक कुमार सिंह आ0 हुसैनी राम जाति कंवर निवासी चिरंगा तहसील बतौली जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम लक्ष्मीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा खसरा नंबर 4/3 रकबा 0.044 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, नक्शा, ले-आउट, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 18/01/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर काई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/01/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्ष से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग.**

रा0प्र0क्र0-/अ-20(3)/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किंजल किशोर उर्फ किंजल्क किशोर पाण्डेय आ0 स्व0 गोपी नाथ पाण्डये निवासी ब्रम्ह रोड संगम चौक के समीप मोहल्ला सत्तीपारा वार्ड क्रमांक 36 नगर अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला सदर रोड नगर अम्बिकापुर शीट नंबर 03 स्थित नजूल प्लाट नंबर 857/4 रकबा 786.16 वर्गफीट भूमि को बैंक में बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, मेन्टनेन्स खसरा की छायाप्रति के साथ पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 22/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202309020707000055**

**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2022-2023**

**नवागढ़ प.ह.न. 00013 (305/1 (0.0020 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-मोईन अंसारी,**
**अनावेदक पक्षकार- तिलोसरी चन्द्रमणि नानबाई,मु.रीझनी, अर्जुन, मुन्ना राम,अर्जुन राम विश्वकर्मा,**

**ईश्तहार**

आवेदक मोईन अंसारी आ0 मो0 जसमुदीन अंसारी निवासी मोमिनपुरा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नवागढ़ स्थित खसरा नंबर 305/1, 306/3 रकबा 0.002,0.002 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों से पंजीबद्ध विक्रय पत्र के माध्यम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 17/01/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/12/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)

# डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 बना भारत

» अब इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट की चुनौती

» ऑस्ट्रेलिया में सीरीज भी अहम

**नई दिल्ली,05 जनवरी 2024 ।** भारतीय क्रिकेट टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज ड्रॉ करने के बाद डब्ल्यूटीसी यानी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में पहले नंबर पर पहुंच गई है। यहां से भारतीय टीम के मिशन डब्ल्यूटीसी 2025 ने जोर पकड़ लिया है। पहले मुकाबले में हार झेलने के बाद टीम इंडिया ने दूसरे टेस्ट में जोरदार वापसी की और 7 विकेट से जीत दर्ज की।

भारत अब तक 4 में से 2 मैच जीता जून 2023 में डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद चैंपियनशिप की नई साइकिल शुरू हो गई थी। भारत ने 2023-25 साइकिल में अब तक वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका का दौरा कर लिया है। दोनों ही देशों में भारत ने 2-2 टेस्ट खेले। भारत को वेस्टइंडीज में एक जीत मिली और एक मैच ड्रॉ रहा। वहीं, साउथ अफ्रीका में टीम को 1 जीत और 1 हार मिली।

### हर जीत पर मिलते है 12 पॉइंट्स,परसेंटेज से तय होती है पोजिशन

डब्ल्यूटीसी में हर टीम को कम से कम 6 सीरीज खेलनी होती है, लेकिन हर टीम की सीरीज में मैचों की संख्या फिक्स नहीं होती। किसी सीरीज में 2 ही टेस्ट मैच होते हैं, तो किसी सीरीज में 5 टेस्ट मैच। ऐसे में अगर टोटल पॉइंट्स के आधार पर रैंकिंग बनाई जाती तो उन टीमों को ज्यादा फायदा होता, जो ज्यादा टेस्ट मैच खेलती है। इस स्थिति से बचने के लिए आईसीसी रैंकिंग के लिए परसेंटेज पॉइंट्स को अहमियत देती है और इसी से रैंक डिसाइड होती है।

### भारत की अगली चुनौती इंग्लैंड के खिलाफ

इंग्लैंड टीम 3 साल बाद भारत में टेस्ट सीरीज खेलने आएगी। इस बार सीरीज में 5 मुकाबले होंगे। 25 से 29 जनवरी को पहला टेस्ट, 2 से 6 फरवरी तक दूसरा टेस्ट, 15 से 19 फरवरी तक तीसरा टेस्ट, 23 से 27 फरवरी तक चौथा टेस्ट और 7 से 11 मार्च तक पांचवां टेस्ट मैच खेला जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ डब्ल्यूटीसी के लिहाज से भारत को चुनौती मिलेगी 5 मैचों की सीरीज में मुकाबले टक्कर के होंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच आखिरी टेस्ट सीरीज अगस्त 2021 के दौरान इंग्लैंड में हुई थी। 5 टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थी। भारत में दोनों के बीच आखिरी सीरीज फरवरी 2021 में हुई थी, 4 टेस्ट की इस सीरीज को भारत ने 3-1 से जीता था।

वहीं, भारत के बाद इंग्लैंड आगे वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट और श्रीलंका के खिलाफ 3 टेस्ट की सीरीज खेलेगा।



### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज अहम

नवंबर में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। यह सीरीज जीतना टीम के लिए अहम होगा, क्योंकि यह ऑस्ट्रेलिया के घर में होगी जिसमें 5 टेस्ट भी हो सकते है। सेना (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) देशों में ऑस्ट्रेलिया एकमात्र ऐसी टीम है जो पिछले 10 साल से भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाई है।

ऑस्ट्रेलिया को आखिरी जीत 2014 में अपने ही होम ग्राउंड पर मिली थी। तब से भारत ने उसे 4 सीरीज 2-1 के अंतर से हरा दीं। इनमें 2 भारत में और 2 ही ऑस्ट्रेलिया में हुईं। ऐसे में 5 टेस्ट की सीरीज भारत के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए भी डब्ल्यूटीसी के लिहाज से चैलेंजिंग हो सकती है।

### भारत ने दोनों सीजन के फाइनल खेले

भारतीय टीम ने दोनों डब्ल्यूटीसी सीजन (2019-2021) और (2021-23) के फाइनल खेले। पहले सीजन यानी 2019-21 सीजन में भारत टेबल टॉप पर रहा था। वहीं, 2021-23 सीजन में भारत दूसरे नंबर पर था। पहले भारत का फाइनल में मुकाबला न्यूजीलैंड और फिर दूसरे सीजन में ऑस्ट्रेलिया से हुआ। भारत को दोनों मुकाबलों में हार मिली।

आमतौर पर भारतीय टीम हर साइकिल में 17-18 मैच खेलती है डब्ल्यूटीसी की एक साइकिल में भारतीय टीम 17 से 18 मुकाबले खेलती है। पहले सीजन में भारत ने 17 मैच खेले जिसमें से 12 जीते, 4 हारे और एक ड्रॉ किया। वहीं, दूसरे सीजन में टीम को 18 मैचों में से 10 में जीत और 5 में हार मिली, जबकि 3 ड्रॉ रहे।

### साउथ अफ्रीका-न्यूजीलैंड के बीच 2 टेस्ट मैच की सीरीज

साउथ अफ्रीका भारत के खिलाफ सीरीज के बाद अब न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 फरवरी से 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगा। वहीं, न्यूजीलैंड साउथ अफ्रीका के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मार्च में 2 टेस्ट खेलेगा।

---

**संक्षिप्त खेल समाचार**

## ऑस्ट्रेलिया की गोल्फ चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए तैयार भारत

**17 साल की अवनि प्रशांत करेगी टीम की अगुवाई**

**मेलबर्न,05 जनवरी 2024 ।** प्रतिभावान गोल्फर अवनि प्रशांत इस महीने होने वाले प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियन मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैंपियनशिप और ऑस्ट्रेलियन एमेच्योर चैंपियनशिप में भारत की चार सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगी जिसमें दो पुरुष और दो



महिला गोल्फर शामिल हैं। पेशवर बनने की अपनी योजना को कुछ समय के लिए टालने वाली 17 साल की अवनि दोनों प्रतियोगिताओं में हीना कांग के साथ खेलेंगी जबकि पुरुष वर्ग में संदीप यादव और रोहित चुनौती पेश करेंगे। भारतीय टीम सदर्न गोल्फ क्लब में नौ से 12 जनवरी तक होने वाले वार्षिक ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी जिसके बाद चारों भारतीय गोल्फर 16 से 19 जनवरी तक होने वाली प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियन एमेच्योर चैंपियनशिप में शिरकत करेंगे। अवनि शीर्ष 50 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं और कई मौकों पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वह क्वीन सिरिकिट कप भी जीत चुकी हैं।

## क्रिकेट जगत के नियम में हुआ यह बदलाव

### टीवी अंपायर स्टंपिंग की अपील पर नहीं करेंगे कॉट बिहाइंड का रीव्यू

**दुबई,05 जनवरी 2024।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने नियमों में कुछ बदलाव किया है जिसके तहत अब टीवी अंपायर, स्टंपिंग की अपील पर कॉट बिहाइंड का रीव्यू नहीं करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष 12 दिसंबर से प्रभावी हुये नियमों के तहत अब विकेटकीपर के बेल्स गिराने के बाद अगर टीम कॉट बिहाइंड के लिए रीव्यू लेना चाहती है तब उसे अलग से डीआरएस की अपील करनी होगी। वर्ष 2023 की शुरुआत में भारत के खिलाफ श्रृंखला में कई बार ऐसा हुआ था कि ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स केरी स्टंप की अपील करते और टीवी अंपायर कॉट बिहाइंड को भी रीव्यू करते थे। इसके कारण गेंदबाजी कर रही टीम को रीव्यू लेने की जहमत नहीं उठानी पड़ती थी और अंपायर यह भी चेक करते थे कि गेंद बल्ले से लगकर गई है या नहीं। हालांकि अब स्टंप की अपील पर टीवी अंपायर केवल साइड ऑन कैमरा का उपयोग करते हुए यह जांचेंगे कि बल्लेबाज स्टंप आउट है या नहीं। आईसीसी ने कनकशन सब्स्टीट्यूशन के नियम के अनुसार अगर खिलाड़ी को गेंदबाजी से रोका गया हो तो उसके स्थानापन्न खिलाड़ी को भी गेंदबाजी करने की अनुमति नहीं मिलेगी। मैदान में घायल हुए खिलाड़ी के परीक्षण या उपचार की समयावधि को भी आईसीसी ने चार मिनट तक सीमित कर दिया है।

---

## दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड में कमजोर टीम भेजना टेस्ट के लिए खतरे की घंटी

**सिडनी,05 जनवरी 2024।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉकले ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड में कमजोर टीम भेजना टेस्ट के लिए खतरे की घंटी है।

हॉकले ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड में एक कमजोर टीम भेजना टेस्ट क्रिकेट के लिए खतरे की घंटी है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत जैसे तीन बड़े देशों के इतर भी टेस्ट क्रिकेट को प्रासंगिक बनाए रखा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट के भविष्य और उसके ऊपर चल रही चर्चाओं को ध्यान में रखते हुए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में कम से कम तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेले जाने की वकालत करने की तैयारी कर रही है। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के प्रावधानों के अनुसार एक टेस्ट



सीरीज में कम से कम दो मैच खेलना अनिवार्य है। दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच चल रही सीरीज के 1-1 की बराबरी पर समाप्त होने की संभावना अधिक है। पिछली बार भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को छोड़कर कोई तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2018-19 में खेली गई थी, जब पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था।

उन्होंने कहा, कम से कम तीन टेस्ट मैच प्राथमिकता में होने चाहिए। इसलिए हम इसकी वकालत करते रहेंगे। जहां तक घरेलू स्तर की टी-20 श्रृंखलाओं की बात है तो हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि यह उन देशों में खेले जाने वाली श्रृंखलाओं के साथ ओवरलैप ना हो जहां ऐसी श्रृंखलाएं उनकी कमाई का अहम जरिया हैं।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एसए-20 लीग के कारण दक्षिण अफ्रीका के राजस्व पर पड़े प्रभाव को स्वीकारा है लेकिन इसके अफ्रीकी टीम का न्यूजीलैंड में अपनी दूसरे दर्जे की टीम को भेजने का फैसला चर्चा को अलग स्तर पर ले गया है। दक्षिण अफ्रीका ने इस पर बल देते हुए कहा है कि वह टेस्ट क्रिकेट के प्रति समर्पित हैं और आगे पूरी कोशिश करेंगे कि भविष्य में ऐसे टकराव की स्थिति उत्पन्न ना हो।

उन्होंने कहा, यह हम सभी के लिए खतरे की घंटी है। बच्चों और नए लोगों को क्रिकेट की ओर आकर्षित करने में टी-20 की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता लेकिन हमारा विश्वास है कि इन दोनों का अस्तित्व एक साथ बना रह सकता है। मुझे लगता है कि हम ऑस्ट्रेलिया में इस बात को लेकर पूरी तरह से स्पष्ट हैं कि बिग बैश के दौरान भी हम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को ही प्राथमिकता देंगे। और हम इस मसले पर आईसीसी के साथ आगे काम भी करेंगे।हॉकले इस बात को लेकर आत्मविश्वास से भरे हैं भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बाहर भी देश टेस्ट क्रिकेट के भविष्य को लेकर समर्पित हैं लेकिन इस प्रारूप का आर्थिक पक्ष बड़ी चुनौती है।उन्होंने कहा, आर्थिक चुनौती बड़ा कारण है। कई देशों में टेस्ट, एकदिवसीय और टी-20 तीनों से एक जैसा ही राजस्व प्राप्त होता है लेकिन टेस्ट में लगने वाला धन अधिक होता है। हमारे सामने उन देशों की मदद करने की चुनौती है जो टेस्ट क्रिकेट के लिहाज से संघर्ष कर रहे हैं।

---

## 21 जनवरी को मुंबई में होगा टाटा मुंबई मैराथन का आयोजन

**हेले और हेमानोट होंगें आकर्षण का केंद्र**

**मुंबई,05 जनवरी 2024 ।** गत चैंपियन और प्रतियोगिता के रिकॉर्ड धारक इथोपिया के हेले लेमी बरहानु और एंचियालेम हेमानोट 21 जनवरी को यहां होने वाली टाटा मुंबई मैराथन के 19 वें सत्र का आकर्षण होंगे। मुंबई मैराथन विश्व एथलेटिक्स की गोल्ड लेबल की रोड रेस है। पिछले साल बरहानु ने दो घंटे सात मिनट 32 सेकेंड के समय के साथ खिताब जीता था। महिला वर्ग में हेमानोव ने पहली बार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए दो घंटे 24 मिनट 15 सेकेंड के टूर्नामेंट के रिकॉर्ड समय के साथ खिताब अपने नाम किया था। हालांकि दोनों धावकों के लिए 2024 में फिर से खिताब जीतना आसान काम नहीं होगा।



इस बार छह अन्य पुरुष तथा दो अन्य महिला धावक ऐसे हैं जिनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वर्तमान के मुंबई के कोर्स रिकॉर्ड से बेहतर है। प्रतियोगिता की कुल इनामी राशि चार लाख पांच हजार डॉलर है। पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को 50 हजार डॉलर की समान इनामी राशि मिलेगी जबकि दूसरे स्थान पर आने वाले धावकों को 25 हजार डॉलर मिलेंगे। तीसरे स्थान पर रहने वाले धावकों के खाते में 10 हजार डॉलर की राशि आएगी। प्रतियोगिता का मौजूदा रिकॉर्ड तोड़ने वाले धावक को 15 हजार डॉलर का अतिरिक्त बोनस मिलेगा।

---

## नडाल ने एक और जीत दर्ज की

**ब्रिस्बेन ,05 जनवरी 2024 ।** स्पेनिश दिग्गज राफेल नडाल की एटीपी टूर में वापसी ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के दूसरे दौर में शानदार जीत के साथ जारी रही। पूर्व विश्व नंबर 1, जो हाल ही में चोटों के कारण 12 महीने के लंबे ब्रेक के बाद एक्शन में लौटे, ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया के जेसन कुबलर को 6-1, 6-2 से हराया। 37 वर्षीय नडाल, जिन्होंने ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम के खिलाफ शानदार शुरूआती जीत के साथ शुरुआत की थी, हार्ड-कोर्ट एटीपी 250 इवेंट में उतनी ही प्रभावशाली जीत हासिल करके आगे बढ़े, जहां उन्होंने छोड़ा था। नडाल, जिन्होंने इस सप्ताह से पहले ब्रिस्बेन में चोट के कारण लगभग 12 महीने तक कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला था, उन्होंने 83 मिनट में कुबलर को पीछे छोड़ दिया।

नडाल ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, मुझे लगता है कि मैंने बहुत अच्छे दृढ़ संकल्प के साथ बहुत अच्छा खेलकर मैच की शुरुआत की। मैंने मैच से पहले जेसन के वीडियो देखे और मैंने उसे बेसलाइन से बहुत



मजबूती से खेलते हुए देखा, इसलिए मैं कोर्ट पर आया और बेसलाइन से अपने शॉट्स के साथ आक्रामक होने की कोशिश की। इसने बहुत अच्छा काम किया। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बहुत सकारात्मक मैच था और कल फिर से खेलने का मौका मेरे लिए बहुत मायने रखता है। 22 बार के ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता ने कहा, लंबे समय तक पेशेवर टूर से बाहर रहने के बाद दो जीत मुझे अच्छा महसूस कराती हैं।

नडाल ने संकेत दिया कि 2024 उनका अंतिम सत्र हो सकता है, उन्होंने कहा, मुझे मैचों की ज़रूरत है, मुझे स्वास्थ्य की ज़रूरत है, मुझे अच्छा अभ्यास करते रहने की ज़रूरत है और निश्चित रूप से यहां पिछले दो मैचों से मदद मिलती है, और यहां तक कि पहले दिन युगल भी। नडाल ने कहा, जो मेलबर्न में 14 से 28 जनवरी तक खेले जाने वाले आगामी ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने 22 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब में एक और जोड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। नडाल ने साल का पहला ग्रैंड स्लैम दो बार 2009 और 2022 में जीता है।

## ओलंपिक क्वॉलीफायर हमारे लिए करो या मरो का मुकाबला

**रांची,05 जनवरी 2024 ।** ओलंपिक क्वालीफायर का आयोजन रांची में 16 से 19 जनवरी तक किया जाएगा। जिसमें मेजबान भारत सहित आठ देश टॉप तीन में जगह बनाकर जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे। वहीं भारतीय महिला हॉकी कप्तान सविता पुनिया का मानना है कि, ओलंपिक क्वालीफायर उनकी टीम के लिए करो या मरो का मुकाबला होगा।



दरअसल,भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता के अनुसार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत ने ओलंपिक क्वालीफायर से पहले भारत का मनोबल बढ़ाया है और उन्होंने टीम की अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया कि वे टीम को पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई कराने में मदद करेंगी।

हॉकी इंडिया की प्रेस रिलीज में सविता ने कहा, ''टीम प्रेरित है, विशेषकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद।'' उन्होंने कहा, ''हमारी तैयारियां पूरी हैं और टीम में ऐसी खिलाड़ी शामिल हैं जो अतीत में ओलंपिक क्वालीफायर खेल चुकी हैं और क्वालीफाई करने के लिए प्रदर्शन के आवश्यक स्तर को अच्छी तरह से समझती हैं। यह हमारे लिए करो या मरो का टूर्नामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।''टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीम पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करेंगी। टूर्नामेंट में मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी, एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य को पूल ए में रखा गया है जबकि मेजबान भारत अमेरिका, न्यूजीलैंड और इटली के साथ पूल बी में है। भारत की उप कप्तान निक्की प्रधान ने कहा, ''टीम की हर सदस्य ओलंपिक खेलों में भाग लेना चाहती है। यह उनका सपना है और इस सप्ताह की शुरुआत में रांची पहुंचने के बाद हमने मैदान पर कुछ अच्छे ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया है।'' भारत अपने शुरुआती मैच में 13 जनवरी को अमेरिका से भिड़ेगा। उसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलेगा। एक दिन के आराम के बाद भारत 16 जनवरी को इटली से खेलेगा। सेमीफाइनल 18 जनवरी और फाइनल 19 जनवरी को होगा।

---

## शाहिद कपूर की देवा का हिस्सा बनीं कुब्रा सैत

बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने बीते दिन दशहरा (24 अक्टूबर) के खास मौके पर अपनी नई फिल्म देवा का ऐलान किया था।इस थ्रिलर फिल्म में शाहिद की जोड़ी पहली बार दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े के साथ बनी है।अब खबर है कि अभिनेत्री कुब्रा सैत फिल्म देवा का हिस्सा बन गई हैं। हालांकि, अभी इस खबर की आधिकारिक घोषणा होना बाकी है।इससे पहले शाहिद और कुब्रा वेब सीरीज फर्जी में साथ काम चुके हैं।कुब्रा के एक करीबी सूत्र ने कहा, हां, कुब्रा देवा का हिस्सा होंगी। इसमें शाहिद कपूर एक पुलिस वाले की भूमिका में होंगे, लेकिन हम अभी उनके किरदार के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सकते। कुब्रा फर्जी के बाद एक बार फिर से शाहिद के साथ जुड़ने के लिए उत्साहित हैं।शाहिद और पूजा की देवा अगले साल दशहरा के मौके पर यानी 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।





रोशन एंड्रयूज कर रहे हैं फिल्म का निर्देशन

देवा का निर्देशन रोशन एंड्रयूज द्वारा किया जा रहा है। इसके निर्माण के लिए जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स ने हाथ मिलाया है।फिल्म में शाहिद एक पुलिस वाले की भूमिका निभाएंगे, जिसका नाम देवा है।देवा के अलावा शाहिद एक रोमांटि फिल्म का हिस्सा हैं, जिसमें वह कृति सैनन के साथ नजर आएंगे। इसका नाम अभी सामने नहीं आया है।यह फिल्म 9 फरवरी, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

## इरा खान,नुपुर शिखरे ने नो-गिफ्ट पॉलिसी का चुना विकल्प



बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की बेटी इरा खान नुपुर शिखरे के साथ अपनी शादी का रजिस्ट्रेशन कराने जा रही हैं।यह जोड़ा मुंबई के बांद्रा इलाके में ताज लैंड्स एंड में एक अंतरंग समारोह की मेजबानी कर रहा है, इसलिए उन्होंने बिना उपहार वाले विकल्प को चुना है।उन्होंने मेहमानों को कोई उपहार न लाने की सलाह दी है, लेकिन अगर वे उन्हें कुछ देना चाहते हैं, तो जोड़े ने कहा है कि वे उनके एनजीओ में दान कर सकते हैं।इरा का गैर-लाभकारी संगठन मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित है।नुपुर शिखरे ने 2022 में इरा को प्रपोज किया था। वह इरा और आमिर के आधिकारिक फिटनेस ट्रेनर हैं। शादी से पहले का जश्न मंगलवार को हल्दी समारोह के साथ शुरू हुआ।बुधवार को होने वाले समारोह के लिए मेहमानों के बुधवार शाम 7 बजे से आने की उम्मीद है। समारोह में इरा लहंगा पहनेंगी और नुपुर टक्सीडो पहनेंगे। इससे पहले इरा ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में एक अनोखी सेल्फी शेयर की, जिसमें वह च्ब्राइड-टू-बीज हेडबैंड पहने हुए देखी जा सकती हैं।





## जॉली एलएलबी 3 में आमने-सामने होंगे अक्षय कुमार और अरशद वारसी

बच्चन पांडे में स्क्रीन शेयर करने वाले बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म में एक साथ नजर आएंगे। फिल्म के पहले दो पार्ट हिट रहे हैं। इस बार फिल्म में दोनों कलाकार कानूनी लड़ाई में आमने-सामने होंगे।

एक विश्वसनीय सूत्र ने साझा किया है कि फिल्म की शूटिंग मई 2024 में शुरू होने वाली है।

सूत्र ने कहा, च्निर्देशक सुभाष कपूर ने जॉली एलएलबी की तीसरी किस्त के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इस बार मुकाबला अक्षय बनाम अरशद होने जा रहा है। सुभाष ने एक ऐसे विषय को सुलझाया है, जो दोनों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करता है। शूटिंग मई 2024 में शुरू होगी। फिल्म का निर्माण डिज्नी और केप ऑफ गुड फिल्म्स कर रही है। प्रशंसकों ने पिछले भागों में दोनों जॉली को पसंद किया है, जबकि जगदीश त्यागी के रूप में अरशद को बहुत प्यार और प्रशंसा मिली, वहीं जगदीश मिश्रा के रूप में अक्षय को भी प्रशंसकों ने सराहा। इस प्रोजेक्ट के अलावा अरशद और अक्षय च्वेलकम टू द जंगलज पर भी साथ काम कर रहे हैं, जो 2024 में रिलीज होगी।

## संक्षिप्त खबरें



### अरविंद कुमार वर्मा छग हाईकोर्ट के नए जज बनेंगे

**बिलासपुर, 05 जनवरी 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में एक नए जज की नियुक्ति को मंजूरी दी है। बेंच कोटे से न्यायिक सेवा के हाईकोर्ट के रजिस्टार जनरल अरविंद कुमार वर्मा नए जज होंगे। केंद्र सरकार को नियुक्ति का प्रस्ताव भेजा गया है. केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के साथ ही हाईकोर्ट में जजों की संख्या 16 हो जाएगी।

### विवेक ढांढ ने दिया इस्तीफा

**रायपुर,05 जनवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में बीजेपी की नई सरकार बनने के बाद से इस्तीफों का दौर जारी है, छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग के अध्यक्ष विवेक ढांड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पिछली कांग्रेस सरकार ने 3 फरवरी 2023 को आयोग का गठन करने के साथ बतौर अध्यक्ष ढांड की नियुक्ति की थी. जिसके बाद आज उन्होंने अपना इस्तीफा दिया है। जानकारी के अनुसार विवेक ढांड ने मुख्य सचिव अमिताभ जैन को सौंपा है, उन्होंने इस्तीफे देने की वजह व्यक्तिगत कारण बताया है. इस्तीफा सौंपने के साथ ही तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने का आग्रह किया है।



### नौकरी की बड़ी सौगात युवाओं को जल्द मिलेगी

**रायपुर,05 जनवरी 2024(ए)।** आदिम जाति कल्याण एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि हमारी सरकार मोदी जी की गारंटी को 100 दिन में पूरा करने के लक्ष्य को लेकर काम कर रही है।



इसको लेकर आदिम जाति कल्याण विभाग और कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा हुई है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि जो योजनाएं 100 दिन में पूरी की जा सकती है उसे पर काम शुरू करें ।

### टीएस सिंहदेव ने की राहुल गांधी से मुलाकात



**रायपुर,05 जनवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की है। ट्वीटर पर तस्वीर पोस्ट करते हुए श्री सिंहदेव ने लिखा कि हमारी दृष्टि राष्ट्र की आकांक्षाओं के साथ प्रभावी ढंग से मेल खाती है। सहयोगात्मक रूप से एक समावेशी और संपूर्ण परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से, हमारा लक्ष्य आम जनता और प्रमुख हितधारकों के विविध दृष्टिकोणों को शामिल करना है जिनकी अंतर्दृष्टि एक व्यापक और प्रतिनिधि घोषणापत्र को आकार देने में महत्वपूर्ण है।

# स्वास्थ्य मंत्री को मिली बंगले में लूट

## एसी,मॉड्यूलर किचन समेत कई कीमती सामान गायब

**रायपुर,05 जनवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में सत्ता बदलने के साथ ही पुराने मंत्रियों ने बंगले खाली कर दिए हैं। इसी बीच एक सरकारी बंगले में लूट जैसा मंजर दिखाई दिया। बंगले का हर कीमती सामान गायब है। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल को आवंटित बंगले से सामान गायब मिले हैं।

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने जब बंगले का निरीक्षण किया तब जाकर इसका खुलासा हुआ। इस दौरान उन्होंने पूर्व मंत्री शिव कुमार डहरिया पर आरोप लगाते हुए कहा कि,एसी,मॉड्यूलर किचन समेत कई महंगे सामान गायब हो गए हैं।

श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि, यह मुगलों की तरह बर्ताव है,मैं इससे बेहद व्यथित हूंजैसे मुगल मंदिरों से हीरे सोने लूट लेते थे, ऐसा किया गया है। बंगले से कई सामान गायब हैं, टेलिफोन तक नहीं छोड़ा। मैंने इस संबंध में जांच के निर्देश दिए हैं। जांच के बाद जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सामान की रिकवरी भी की जाएगी।



लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से भी इस संबंध में जानकारी ली गई है। उनका आरोप है कि एसी, कांच के दरवाजे, मॉड्यूलर किचन,टाइल्स,बिजली के महंगे सामान समेत काफी सामग्री यहां से गायब मिली है। उन्होंने इस मामले में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को जांच के आदेश दे दिए हैं।स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का कहना है कि जो बंगला उन्हें मिला है, उसमें जमकर लूट खसोट हुई है। राज्य के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि बंगला खाली करने के साथ सामान गायब हुआ हो। पूरे मामले की जांच होगी और जितना भी सामान गायब हुआ, सबकी रिकवरी की जाएगी।

इस मामले में पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया का कहना है कि ये उनकी नीजि संपत्ति थी। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया में इस तरह का बयान देने से पहले मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल को मुझसे बात करनी थी।

### टीवी एसी चोरी के आरोप पर बोले शिव डहरिया,बताया निजी संपत्ति

कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सरकारी बंगले से सामान ले जाने का आरोप लगाया है। इस मामले पर पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कहा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अपने बयान पर माफी मांगे। मंत्री को आरोप लगाने से पहले पीडब्ल्यूडी को पूछना था । एससी वर्ग के नेता को बदनाम करने की कोशिश हो रही है। मैं सरकारी बंगले से अपना व्यक्तिगत सामान लाया। मैं अपना टीवी और एसी लाया हूं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी को आबंटित बंगले से लाखों रुपए का सामान गायब होने का मामला सामने आया है। हैरान करने वाली बात यह है कि एक मंत्री स्तर के सरकारी बंगले में इस तरह का नजारा देखने को मिला है जैसे कि बंगले में कोई लूट हुई है। दरअसल इस बंगले में गेट पर लाइट से लेकर अंदर किचन का सिंक तक हर सामान गायब था।

## नक्सली कमांडर रहे नवीन नूरेटी सिपाही से बना आरक्षक

**नारायणपुर,05 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में सरकार के मुख्यधारा से भटक कर नक्सली विचारधारा में शामिल युवाओं को आम नागिरकों की तरह सरकार के मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास लगातार जारी है। सरकार की ओर से नक्सलियों के लिए शुरू की गई पुनर्वास योजना के तहत बड़ी संख्या में नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही कारनामा कर दिखाया है कमलू नूरेटी उर्फ नवीन ने, जिन्होंने हथियार छोड़ कानून के रास्ते पर चलना चुना। कभी नक्सली कमांडर रहे नवीन के खौफ की गूंज नारायणपुर सहित पूरे बस्तर संभाग में थी। लेकिन नक्सल संगठन से अपना नाता तोड़ सरकार की पुनर्वास योजना से प्रभावित होकर 2013 में नवीन ने आत्मसर्पण किया और पुलिस फोर्स का हिस्सा बनकर नक्सल विचार धारा के विपरित कार्य करते हुए पुलिस पार्टी को लगातार कई उपलब्धियां दिलाई।



जिसका ही परिणाम रहा है कि पहले कमलू नूरेटी उर्फ नवीन को क्रमिक पदोन्नति कर सिपाही से आरक्षक बनाया गया और आज एएसपी निखिल रखेजा, एएसपी हेम सागर सिदार व डीएसपी प्रशांत देवांगन की उपस्थिति में जिला पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा द्वारा प्रधान आरक्षक के तमगे से नवाजा गया है। कमलू नूरेटी को वर्ष 2018 में ग्राम गुमियाबेड़ा पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल रहकर नक्सलियों के खिलाफ लोहा लेने के लिए पदोन्नति दी गई है।

## दो आईएएस अधिकारियों के पोस्टिंग आर्डर में हुआ बदलाव,प्रभार में किया गया संशोधन

**रायपुर,05 जनवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने संसोधित पत्र जारी किया है। जिसके अनुसार, विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 03.01.2024 द्वारा बसवराजू एस. भा.प्र.से. (2007),सचिव,गृह विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, वन विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है। उक्तादेश में त्रुटिवश सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के स्थान पर सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग टंकित हो गया था। अतः सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग के स्थान पर सचिव, नगरीय



प्रशासन एवं विकास विभाग पढ़ने कहा गया है।शहला निगार भा.प्र.से. (2001), सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कृषि उत्पादन आयुक्त के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, सचिव कृषि (उद्यानिकी, मत्स्यपालन,दुग्धपालन,गोठान) विभाग, गन्ना आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उक्तादेश में त्रुटिवश पशुधन विकास के स्थान पर दुग्धपालन टंकित हो गया है। अतः दुग्धपालन के स्थान पर पशुधन विकास पढ़ने कहा गया है।

# अजय चंद्राकर के बयान पर पूर्व सीएम भूपेश ने किया पलटवार

### दूध की मक्खी की तरह निकालकर फेंक दिए गए अजय

**रायपुर,05 जनवरी 2024(ए)।** दिल्ली दौरे से लौटे पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने न्याय यात्रा पर अजय चंद्राकर के बयान पर भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा, सदमे से उबर गए क्या अजय जी. पूरी सहानुभूति है। सोच रहे थे कि मंत्रिमंडल में लेंगे ,पर दूध की मक्खी की तरह निकालकर फेंक दिए। कांग्रेस की लोकसभा तैयारियों पर भूपेश बघेल ने कहा, नए प्रभारी छत्तीसगढ़ आएंगे। उनका मार्गदर्शन लेंगे। एलायंस कमेटी की बैठक को लेकर कहा, इंडिया एलाइंस कमेटी की रिपोर्ट मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को सौंपे हैं। 9 राज्यों में एलायंस पार्टनर के साथ सीट शेयरिंग करेंगे। इस पर चर्चा की गई. अलग-



अलग राज्यों की प्रमुख पार्टियों के साथ चर्चा करेंगे. 7 और 9 तारीख को फिर बैठक है। लगातार बैठकों का दौर चलने वाला है।प्रभारी सचिन पायलट के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर भूपेश बघेल ने कहा, 11 तारीख को संभवतः सचिन पायलट आएंगे। राजिम कुंभ के फैसले पर बघेल ने कहा, विधानसभा में मुद्दा आएगा तब चर्चा करेंगे। 2021 सीजीपीएससी की सीबीआई जांच पर भूपेश बघेल ने कहा, 2008 में बीजेपी कार्यकाल में घोटाला हुआ था। आरोपी तय हो गए थे। सिलेक्शन हो गया था पर उसमें कार्रवाई कर पाते की नहीं। टाइम लिमिट करनी चाहिए और तेजी से कार्रवाई करनी चाहिए। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। दो चार अधिकारी के बच्चे हैं, इन पर आरोप लगा रहे हैं।

# हल्की बारिश ने खोल दी भ्रष्टाचार की परत

**रायपुर,05 जनवरी 2024(ए)।** प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा की सरकार ने सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कुशासन के खिलाफ सुशासन लाने की कवायद पर काम शुरू कर दिया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में हुए भारी भ्रष्टाचार की परत अब खुलने लगा है। जल को सहेजने के लिए जंगल के भीतर कई जगहों पर स्टॉपडैम बनाया गया है, जिसमें ठेकेदार एवं अधिकारियों की मिलीभगत से भारी भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया है।कवर्धा जिला के वन परिक्षेत्र रेंगाखार के ग्राम तितरी में जंगल के अंदर 24 लाख रुपए की



राशि से निर्मित स्टॉप डैम निर्माण के चार महीने बाद ही भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया। मटेरियल कम लगे इसलिए नीचे बोरी में रेत मिट्टी का उपयोग करके उसके ऊपर वॉल बना दिया गया है। वॉल के बाजू में मिट्टी से भराई की गई साथ ही मजदूरों के बजाय मशीनों का उपयोग किया गया है। स्टॉप डैम के निर्माण के समय स्थानीय लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी भी दी थी। इसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया।यही कारण है कि वर्तमान में हो रही हल्की बारिश में निर्माण कार्य की पोल खोलकर रख दिया है। क्षेत्र के लोग वन विभाग द्वारा कराए गए निर्माण कार्य से काफी नाराज है। लोगों को उम्मीद थी कि सही ढंग से निर्माण कार्य हो जाता तो उन्हें लंबे समय तक यह सुविधा मिलती। वहीं इस मामले में डीएफओ कहना है कि निर्माण कार्य की भुगतान नहीं किया गया है। सही तरीके से निर्माण नहीं किया गया था उसको पुनः ठेकेदार द्वारा बनवाया जाएगा।



## कलेक्टर के बाद बड़े पैमाने पर डिप्टी कलेक्टरों का तबादला

**रायपुर,05 जनवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में आईएएस के बाद अब राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का बड़े पैमाने पर तबादला किया गया है। इसका आदेश आज सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया। इसमें 29 डिप्टी कलेक्टरों को इधर से उधर किया गया है।

## भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किया कार्यक्रम




**रायपुर 05 जनवरी 2024।** भारत निर्वाचन आयोग,नई-दिल्ली द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत प्रदेश के नागरिकों का मतदाता सूची में नाम पंजीयन, विलोपन, स्थानातंरण एवं प्रविष्टि में किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम वर्ष-2024 जारी कर दिया गया है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 06 जनवरी, 2024 (शनिवार) को प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा और इसी के साथ दावा-आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही प्रारंभ हो जाएगी। सभी नागरिक 22 जनवरी, 2024 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इस दौरान 13 जनवरी 2024 (शनिवार) एवं 14 जनवरी 2024 (रविवार) को समस्त मतदान केन्द्रों में दो दिवसीय विशेष शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

## बीजेपी नेता के साथ मारपीट

### कांग्रेस नेता समेत 4 युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

**रायपुर 05 जनवरी 2024।** रायपुर में 4 युवकों ने मिलकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के सिविल लाइन मंडल के मंत्री को पहले घसीटा। फिर उन्होंने उसे बेरहमी से बेल्ट से पीट दिया। इस घटना का वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें आरोपी पीड़ित पर लात-मुक्के भी बरसाते हुए दिख रहे है। इस मामले में टिकरापारा पुलिस ने एक्शन लेते हुए यूथ कांग्रेस नेता समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



## राजधानी में लुटेरों के हौसले बुलंद

**रायपुर 05 जनवरी 2024।** पुलिस की सख्ती के बाद भी राजधानी में लुटेरों के हौसले बुलंद है। किसी भी अपराध को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दो रहे है। टिकरापारा थाना क्षेत्र के कमल विहार क्षेत्र के पास कारोबारी की हत्या और लूट के प्रयास का मामला सामने आया है। कारोबारी के सिर पर पेचकस से वार कर 5 बदमाशो ने लूट का प्रयास किया है, वही सिख युवक ने कृपाण की मदद से कारोबारी की जान बचाई है।



### मुसलमानों को बसाने और धर्मांतरण पर शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती का बयान

# प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में शामिल नहीं होऊंगा,मेरे पद की भी मर्यादा है...

**रायपुर,05 जनवरी 2024(ए)।** जगन्नाथपुरी मठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि पूर्व सीएम ने बाहर से मुसलमानों को लाकर छत्तीसगढ़ में बसाया, तो रमन सिंह काल में भी ईसाई धर्मातरण को बढ़ावा दिया गया।

जगन्नाथपुरी मठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का एक बार फिर बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने राजनीतिक नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व सीएम ने बाहर से मुसलमानों को लाकर छत्तीसगढ़ में बसाया है। हिंदू को अल्पसंख्यक बनने की कोशिश की है। परिणाम है कि चारो खाने चित्त हुए। वहीं रमन सिंह काल में भी ईसाई धर्मातरण को बढ़ावा दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि नेताओं ने पहले श्रमजीवी, बुद्धिजीवी के आधार पर बांट दिया, फिर सवर्ण और असवर्ण में जनता को बांटा। अब आदिवासी और नवागंतुक में बांट रहे हैं। स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी और प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि योगी और मोदी अभी तो खुश है, आगे चलकर यूपी में 3 मिनी पाकिस्तान बन जायेगा। अयोध्या की तरह काशी और मथुरा में मस्जिद बनेगा।



बता दें कि बीते दिन भी स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को लेकर बड़ा बयान सामने आया था। उन्होंने कहा कि था कि वह 22 जनवरी 2024 को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में शामिल होने के लिए अयोध्या नहीं जाएंगे। उन्होंने आगे कहा था कि मोदी जी लोकार्पण करेंगे, मूर्ति का स्पर्श करेंगे तो मैं वहां तालियां बजाकर जय-जयकार करूंगा क्या? मेरे पद की भी मर्यादा है। राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा शास्त्रों के अनुसार होनी चाहिए, ऐसे आयोजन में मैं क्यों जाऊं'।

# छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के लिए तैयार हो रहा क्राइटेरिया!

### इन महिलाओं को नहीं मिलेगा योजना

**रायपुर, 05 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में सत्ताब परिवर्तन के बाद अब भाजपा सरकार चुनाव के समय किए गए वादों को पूरा करने में लगी हुई है। इसी बीच खबर मिल रही है कि छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को सालाना 12 हजार देने के लिए क्राइटेरिया तैयार किया जा रहा है। प्रदेश की 80 लाख महिलाएं इस योजना के तहत विचाराधीन हैं। लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि लगभग 20 प्रतिशत महिलाएं ऐसे वर्ग स आती हैं जो सम्पन्न हैं। सरकारी नौकरी और व्यापारी वर्ग की महिलाएं भी इस दायरे से बाहर हो जाएंगी। अनुमान है कि ये भी 10 से 15 प्रतिशत हो सकती हैं।वहीं कहा जा रहा है कि एक परिवार या एक राशन कार्ड से एक महिला या उससे अधिक को लिया जा सकता है। इसके लिए मुखयमंत्री साय ने मुख सचिव को मोदी की गारंटी के तहत वादों की सूची सौंपी है। जिसमे महतारी वंदन योजना को पहले लेने की बात कही गई है। इससे उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के पहले महतारी वंदन योजना लागु हो जाएगा।इस पर विचार विमर्श किया जा रहा है ताकी गरीब, अति गरीब और लोअर मिडिल वर्ग की महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल सकते।




## सचिन पॉयलेट 9 जनवरी को राजधानी रायपुर में

**रायपुर,05 जनवरी 2024(ए)।** 2023 के विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद रायपुर से लेकर दिल्ली तक घमासान के बाद एसीसीआई ने तच्काल संज्ञान लेते हुए प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा को हटाकर राजस्थान के नेता सचिन पायलट को प्रभारी बनाया है । प्रदेश प्रभारी बनने के बाद सचिन पायलट 9 जनवरी को दौरे पर आ सकते हैं। सचिन पायलट का यह प्रभारी के रूप में पहला छत्तीसगढ़ दौरा होगा। वो यहां कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक करेंगे और संगठन की पूरी जानकारी लेंगे। गुरुवार को कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने दिल्ली में नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी पायलट से मुलाकात की ।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)